देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 293 । भोपाल, रविवार 22 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

देवेंद्र ने मध्य विधानसभा से भरा पहला नामांकन पृष्ठ 3
▪ स्वाधीनता आंदोलन और साहित्य- हमारे जीवन मूल्य ▪ पहली पंक्ति के नेता पृष्ठ 4
▪ कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा दुर्गानवमी को दाखिल करेंगे पर्चा पृष्ठ 6
पुलिस असामाजिक तत्वों और राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे : राज्यपाल पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### राजनाथ ने सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को यहां भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। दो दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य नाटक, कहानी,प्रदर्शनी, बातचीत, कला और नृत्य के माध्यम से सदियों से विकसित भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है। यह महोत्सव प्रख्यात विद्वानों और सेवारत तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा पैनल चर्चा के माध्यम से अलग अलग समझ और दृष्टिकोण को लोगों के समक्ष लाने का माध्यम है।

### करीब 35 हजार जवानों को शहीद का दर्जा देने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुलिस के स्मृति दिवस पर दिल्ली पुलिस सेवानिवृत्त अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि देश भर में सीमाओं पर और मानवता की सेवा के लिए अपनी जान गवाने वाले पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के करीब 35 हजार जवानों को शहीद का दर्जा देते हुए उनके परिजनों को वे सभी सुविधाएं मिले जो भारतीय फ़ौज के शहीद के परिजनों का दिया जाता है। शनिवार को संगठन के पदाधिकारी ने दिल्ली पुलिस द्वारा नई पुलिस लाइंस, किंग्सवे कैंप में आयोजित स्मृति दिवस में भाग लिया और भारत माता की जयकारे के साथ पूरे माहौल को गमगीन बना दिया।

### धूम्रपान की चेतावनी संबंधी नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने? कहा है कि ओटीटी स्ट्रीमिंग सेवाओं पर धूम्रपान चेतावनी संबंधी नियमों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है और नियम का अनुपालन नहीं करने पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता वाला मुद्दा मानते हुए केंद्र सरकार ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद फिल्म नियमों को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी बढ़ा दिया है। ओटीटी नियम 2023 एक सितंबर 2023 से लागू हो गए।

### कर्नाटक फर्जी वोटर आईडी घोटाले में तीन गिरफ्तार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने फर्जी मतदाता पहचान पत्र घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपियों में से एक, जिसकी पहचान मौनेश कुमार के रूप में हुई है, राज्य के शहरी विकास और नगर नियोजन मंत्री बिरथी सुरेश को जानता है, जिन्हें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का प्रमुख सहयोगी माना जाता है। हिरासत में लिए गए अन्य दो व्यक्तियों की पहचान भगत और राघवेंद्र के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा पैसे के बदले वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड हासिल करने की सूचना मिलने के बाद बेंगलुरु के कनकनगर में एमएसएल टेक्नो सॉल्यूशंस पर छापेमारी की गई। छापेमारी के बाद तीनों को हिरासत में ले लिया गया।

### तेजस्वी के नेतृत्व में ही लड़ेंगे अगला चुनाव : कांग्रेस

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजद के नेता तेजस्वी यादव के लिए सब कुछ करने वाले बयान का बिहार कांग्रेस ने भी समर्थन किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए इशारों ही इशारों में राजद के नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को उत्तराधिकारी बता दिया। नीतीश ने तेजस्वी के कंधे पर हाथ रखकर कहा कि यह हमारा बच्चा है और सबकुछ है। हम साथ मिलकर काम करते हैं।

### राष्ट्रव्यापी खादी महोत्सव 31 अक्टूबर तक

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अन्य मंत्रालयों के समन्वय से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) मंत्रालय के तहत इस महीने 'खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन' टैगलाइन के साथ 'खादी महोत्सव' शुरू किया है। यह महोत्सव देश भर में दो अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

## न्यायिक देरी के कारण जनता का न्याय प्रणाली से हो रहा मोहभंग

# लंबित मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

### देश का सबसे पुराना सिविल मामला 1952 से अदालत में है लंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में 50 साल से अधिक समय से लंबित मुकदमेबाजी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक देरी के कारण जनता का न्याय वितरण प्रणाली से मोहभंग हो रहा है। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेजीडी) से डेटा निकाला और पाया कि देश का सबसे पुराना सिविल मामला 1952 से पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में लंबित है। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र में विभिन्न मजिस्ट्रेट अदालतों में लंबित शीर्ष तीन आपराधिक मामले 1961 और उससे भी पहले के हैं। इसमें कहा गया है कि कानून में कई खामियां, अनावश्यक और



बड़ी कागजी कार्रवाई, गवाहों की अनुपस्थिति, बिना किसी उचित कारण के स्थगन मांगा और दिया गया, समन की सेवा में देरी, नागरिक प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के प्रावधानों के कार्यान्वयन की कमी और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) देरी का प्रमुख कारण है।

### सक्रिय कदम उठाने की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने लंबित मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करने की बात कही। कोर्ट ने कहा, न केवल सभी स्तरों पर लंबित मामलों के विशाल ढेर को निपटाने के लिए सक्रिय कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता है, बल्कि वादी जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी हितधारकों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। भारत में लगभग 6 प्रतिशत आबादी मुकदमेबाजी से प्रभावित है और अदालतें कानून के शासन द्वारा शासित राष्ट्र के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वादी जनता या बार के सदस्यों या न्याय देने की प्रक्रिया से जुड़े किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह से उक्त प्रक्रिया में देरी करके न्यायिक प्रक्रियाओं को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हमें प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना चाहिए, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना चाहिए, प्रौद्योगिकी में निवेश करना चाहिए और हमारे समय की मांगों को पूरा करने के लिए अपनी न्यायपालिका को सशक्त बनाना चाहिए। इसने शीर्ष अदालत के महासचिव को उचित कदम उठाने के लिए सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को अपने फैसले की एक प्रति प्रसारित करने का आदेश दिया।

# गगनयान मिशन का परीक्षण सफल

**श्रीहरिकोटा, एजेंसी।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने शनिवार को गगनयान मिशन के क्रू एस्केप सिस्टम का सफलापूर्वक परीक्षण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 10 बजे इसे लॉन्च किया गया था। इसे टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) नाम दिया गया। ये मिशन 8.8 मिनट का था। इस मिशन में 17 किमी ऊपर जाने के बाद सतीश धवन स्पेस सेंटर से 10 किमी दूर बंगाल की खाड़ी में क्रू मॉड्यूल को उतारा गया। रॉकेट में गड़बड़ी होने पर अंदर मौजूद एस्ट्रोनॉट को पृथ्वी पर सुरक्षित लाने वाले सिस्टम की टेस्टिंग की गई। इससे पहले आज ही दो बार मिशन को टाला गया था। इसे 8 बजे लॉन्च किया जाना था, लेकिन मौसम ठीक नहीं होने कारण इसका टाइम बदलकर 8.45 किया गया।

### मोदी, खड़गे ने इसरो को बधाई दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को गगनयान परीक्षण उड़ान मिशन की सफलता के लिए इसरो की टीम को बधाई दी। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह प्रक्षेपण हमें भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान को साकार करने के एक कदम और करीब ले जाता है। इसरो में हमारे वैज्ञानिकों को मेरी शुभकामनाएं। कांग्रेस अध्यक्ष ने भी एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गगनयान परीक्षण उड़ान मिशन की सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष इंजीनियरों, चालक दल और शोधकर्ताओं को हमारी शुभकामनाएं।

## सिंधिया स्कूल के कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री, कहा-

# आपका सपना ही मेरा संकल्प



**ग्वालियर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों से कहा कि आपके सपने और संकल्प दोनों बड़े होने चाहिए, आपका सपना ही मेरा संकल्प है। सिंधिया स्कूल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि शार्टकट तात्कालिक लाभ पहुंचता है। लेकिन लांग टर्म की सोच के साथ काम करना होगा। जो भी व्यक्ति तात्कालिक स्वार्थ के लिए काम करता है। उससे समाज व राष्ट्र का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब देश ने प्रधानसेवक का दायित्व दिया। हमनें अलग अलग समय सीमा रखकर काम किया है। पिछले 10 सालों में लांगटर्म फैसले लिए। देश को कितने ही पैंडिंग बोझ से दूर किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज आजाद हिंद सरकार का स्थापना दिवस भी है। सभी देशवासियों को इसकी भी बधाई देता हूं। इस गौरवमई इतिहास से जुड़ने का मौका दिया। यह इतिहास सिंधिया स्कूल का भी है और एतिहासिक ग्वालियर शहर का भी है। संगीत सम्राट तानसेन, महादजी सिंधिया, विजयाराजे सिंधिया, अटल बिहारी बाजपेयी, उस्ताद अमजद अली जैसे लोगों का निर्माण ग्वालियर की धरती करती है। यह धरती नारी शक्ति और वीरांगनाओं की तपस्या स्थली है। श्री मोदी ने कहा कि ग्वालियर आना अपने आप में बहुत सुखद होता है। और दो वजहों से ग्वालियर से नाता है। एक, काशी का सांसद हूं, हमारी संस्कृति संरक्षण में सिंधिया परिवार की भूमिका रही है। काशी में कई घाट बनवाए हैं। आज जिस प्रकार काशी का विकास हो रहा है उसे देखकर महारानी बैजाबाई, महाराज माधवराज को प्रशन्नता होती होगी। ग्वालियर से दूसरा कनेक्शन ज्योतिरादित्य गुजरात के दामाद हैं। इस नाते भी ग्वालियर से रिश्तेदारी है। मेरा गांव गायकवाड़ स्टेट का गांव है। मेरे गांव में प्राथमिक स्कूल गायकवाड़ परिवार ने बनवाया।

उन्होंने कहा कि हमारे यहां कहा गया है कि सज्जन व्यक्ति जैसा मन में सोचते हैं, वैसा कहते भी हैं और करते भी हैं। यही एक कर्त्तव्य परायण व्यक्ति की पहचान होती है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति तात्कालिक लाभ के नहीं, आगामी पीढ़ियों के भविष्य के लिए काम करते हैं। यदि एक शताब्दी का सोच रहे हैं तो शिक्षा से जुड़ी संस्थाएं बनाइए। माधवराव प्रथम ने इस बात को पूरा किया। उनकी यही सोच भी आने वाली पीढ़ियों को उज्जवल बनाने के लिए काम किया। सिंधिया स्कूल उनकी दूरगामी सोच का परिणाम थी। आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण् पर भी ध्यान दिया। उस समय पानी के लिए एक बड़ी व्यवस्था बनाई। हरसी डेम 150 साल बाद भी एसिया का सबसे बड़ा मिट्टी का बांध है। आज भी यह काम आ रहा है। मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर से आर्टीकल 370 हटाया । पूर्व फौजियों ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## भाजपा प्रत्याशियों की 5वीं सूची जारी : विजयवर्गीय के बेटे सहित 29 विधायकों के टिकट कटे

# मलैया, माया और सबनानी को मिला टिकट, बिसेन की जगह बेटी को बनाया प्रत्याशी







**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आज 92 उम्मीदवारों की अपनी पांचवी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने 3 मंत्रियों और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को टिकट नहीं दिया है।

हालांकि इन मंत्रियों में से एक यशोधरा राजे ने स्वास्थ्य कारणों से पहले ही चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। वहीं मंत्री गौरीशंकर बिसेन की जगह उनकी बेटी मौसम बिसेन को टिकट दिया गया है। जबकि मेहगांव से सिंधिया समर्थक ओपीएस भदौरिया को टिकट नहीं दिया गया है। पार्टी ने होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। जबकि पूर्व मंत्री जयंत मलैया को दमोह और मायासिंह को ग्वालियर पूर्व, भोपाल की दक्षिण-पश्चिम सीट से पार्टी के प्रदेश महासचिव भगवानदास सबनानी को टिकट दिया गया है।

इंदौर-3 विधान सभा सीट से श्री विजयवर्गीय के बेटे आकाश की जगह राकेश गोलू शुक्ला को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी द्वारा कैलाश विजयवर्गीय को विधान सभा चुनाव में उतारने के साथ ही यह तय माना जा रहा था कि एक परिवार से एक ही व्यक्ति को टिकट देने के नियम का पालन करते हुए पार्टी इस बार उनके बेटे का टिकट काट सकती है।

भाजपा ने शिवपुरी से देवेंद्र कुमार जैन, ग्वालियर दक्षिण से नारायण सिंह कुशवाह, कोलारस से महेंद्र यादव, टीकमगढ़ से राकेश गिरी, सिंगरौली से रामनिवास शाह, राजगढ़ से अमर सिंह यादव और इंदौर-5 से महेंद्र हार्डिया सहित 92 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं।

### पांचवीं सूची में 5 मंत्रियों को टिकट

पांचवीं सूची में शिवराज सरकार के पांच मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इन मंत्रियों में महेंद्र सिंह सिसोदिया, इंदर सिंह परमार, उषा ठाकुर, ब्रजेंद्र सिंह यादव, सुरेश धाकड़ का नाम शामिल है। प्रदेश में महेंद्र सिंह सिसोदिया की गिनती केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिंया के समर्थकों में होती है। पहले यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि सिसोदिया, यादव और धाकड़ के टिकट काटे जा सकते हैं।

### अब सिर्फ 2 उम्मीदवारों का ऐलान बाकी

भाजपा ने मध्य प्रदेश के लिए अपने पांचों लिस्ट को मिलाकर 228 उम्मीदवारों के नाम अब तक घोषित कर दिए हैं। अब सिर्फ 2 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करना बाकी है।

### किसे कहां से मिला टिकट

- विजयपुर- बाबूलाल मेवरा
- जौरा- सूबेदार सिंह रजौधा सिकरवार
- अम्बाह- कमलेश जाटव
- भिंड- नरेन्द्र सिंह कुशवाह
- मेहगांव- राकेश सुक्ला
- ग्वालियर पूर्व- माया सिंह
- ग्वालियर दक्षिण- नारायण सिंह कुशवाह
- भांडेर- घनश्याम पिरोनिया
- पोहरी- सुरेश राठखेड़ा
- शिवपुरी- देवेन्द्र कुमार जैन
- कोलारस- महेन्द्र यादव
- बमोरी- महेन्द्र सिंह सिसोदिया
- अशोकनगर- जजपाल सिंह
- मुंगावली- बृजेन्द्र सिंह यादव
- बीना- महेश राय
- टीकमगढ़- राकेश गिरी
- जतारा- हरिशंकर खटीक
- पृथ्वीपुर- शिशुपाल यादव
- निवाड़ी- अनिल जैन
- चंदला- दिलीप अहिरवार
- बिजावर- राजेश शुक्ला
- दमोह- जयंत मलैया
- जबेरा- धर्मेंद्र सिंह लोधी
- हटा- उमा खटीक
- पवई- प्रहलाद लोधी
- रैगांव- प्रतिमा बागरी
- नागौद- नागेन्द्र सिंह
- अमरपाटन- राखेलावन पटेल
- सेमारिया- केपी त्रिपाठी
- त्यौंथर- सिद्धार्थ तिवारी
- मनगंवा- नरेन्द्र प्रजापति
- गुढ़- नागेन्द्र सिंह
- चित्रांगी- राधा सिंह
- सिंगरौली- रामनिवास शाह
- देवसर- राजेन्द्र मेश्राम
- धौहानी- कुंवर टेकाम
- व्योहारी- शरद कोल
- बांधवगढ़- शिवनारायण सिंह
- बोहरीबंद- प्रणय पांडे
- जबलपुर उत्तर- अभिलाष पांडे
- सिहोरा- संतोष बरबडे
- मंडला- संपातिया उईके
- बालाघाट- मौसम बिसेन
- वारासिवनी- प्रदीप जायसवाल
- केवलारी- राकेश पाल सिंह
- लखनादौन- विजय उईके
- तेंदूखेड़ा- विश्नाथ सिंह
- चुराई- लखन वर्मा
- बैतूल- हेमंत खंडेलवाल
- टिमरनी- संजय शाह
- सिवनी-मालवा- प्रेमशंकर वर्मा
- होशंगाबाद- सीतासरन शर्मा
- पिपरिया- ठाकुर दास नागवंशी
- भोजपुर- सुरेन्द्र पटवा
- बसोदा- हरिसिंह रघुवंशी
- कुरवाई- हरीसिंह सप्रे
- शमशाबाद- सूर्य प्रकाश मीणा
- भोपाल दक्षिण-पश्चिम- भगवान दास सबनानी
- आष्टा- गोपाल सिंह
- नरसिंहगढ़- मोहन शर्मा
- व्याबरा- नारायण सिंह
- राजगढ़- अमर सिंह यादव
- सारंगपुर- गौतम टेटवाल
- सुसनेर- विक्रम सिंह राणा

▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## निशिकांत व महुआ में छिड़ी लड़ाई

# दुबे बोले, महुआ की संसदीय आईडी दुबई से खोली गई थी

**कोलकाता, देशबन्धु।** हाल ही में हुए 'कैश फॉर क्वेरी' विवाद को लेकर भाजपा के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के बीच शनिवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक ताजा लड़ाई छिड़ गई, जिसने राजनीतिक हलकों को हिलाकर रख दिया है। दुबे ने शनिवार की सुबह महुआ मोइत्रा का नाम लिए बिना एक्स पर लिखकर दावा किया कि सांसद की संसदीय आईडी दुबई से खोली गई थी, जब संबंधित सांसद भारत में थीं।

### महुआ मोइत्रा ने कई पोस्ट जारी कर दुबे के दावों को दी चुनौती

उन्होंने कहा, एक सांसद ने चंद पैसों के लिए देश की सुरक्षा गिरवी रख दी। संसद की आईडी दुबई से खोली गई, उस समय वह सांसद भारत में थीं। एनआईसी ने इसकी जानकारी जांच एजेंसी को दी। इसके कुछ ही घंटों बाद महुआ मोइत्रा ने कई पोस्ट जारी कर दुबे के दावों को चुनौती दी और एनआईसी से मामले में संबंधित विवरण जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, एनआईसी से अनुरोध है कि कृपया सांसदों के सभी विवरण सार्वजनिक रूप से जारी करें, ताकि यह दिखाया जा सके कि वे उस स्थान पर शारीरिक रूप से मौजूद थे जहां से उनके पीए और शोधकर्ताओं/ प्रशिक्षुओं/ कर्मचारियों द्वारा आईडी तक पहुंच बनाई गई थी। लीक के लिए फर्जी डिग्री वाले का उपयोग न करें, इसे अभी सार्वजनिक करें। पश्चिम बंगाल के नादिया में कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल सांसद ने यह भी दावा किया कि वह इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जाने वाली छापेमारी से अवगत हैं। उन्होंने अपने पत्र में कहा, सीबीआई की आसन्न छापेमारी के बारे में भी संदेश मिला। मैं दुर्गा पूजा में व्यस्त हूं। मैं सीबीआई को घर आने और मेरे जूतों की जोड़ी गिनने के लिए आमंत्रित करती हूं।

## एडीआर वतेलंगाना इलेक्शन वॉच ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी

# तेलंगाना में 72 विधायकों पर आपराधिक आरोप

### 7 विधायकों ने हत्या के प्रयास से संबंधित मामले घोषित किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेलंगाना के 118 विधायकों में से 72 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि 46 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं। शनिवार को जारी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के 101 विधायकों में से 59 यानी 58 प्रतिशत पर आपराधिक मामले चल रहे हैं।

रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और तेलंगाना इलेक्शन वॉच ने प्रकाशित की। जिसमें 119 मौजूदा विधायकों में से 118 के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरणों का विश्लेषण किया गया था। वर्तमान विधानसभा में एक निर्वाचन क्षेत्र सिकंदराबाद कैंट रिक्त है। यह विश्लेषण 2018 के विधानसभा चुनाव और उसके बाद हुए उप-चुनावों से पहले उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए गए हलफनामों पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्लेषण किए गए 118 मौजूदा विधायकों में से 72 (61 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि 46 (39 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। सात विधायकों ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामले घोषित किए हैं और चार विधायकों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, चार मौजूदा विधायकों में से एक विधायक ने आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार से संबंधित मामला घोषित किया था।

### बीआरएस के 59 विधायकों पर आपराधिक मामले

इसके अलावा सत्तारूढ़ बीआरएस के 101 विधायकों में से 59 (58 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। जबकि, एआईएमआईएम के 7 में से 6 (86 फीसदी), कांग्रेस के 6 में से 4 (67 फीसदी), बीजेपी के 2 विधायक और 2 निर्दलीय विधायकों में से 1 ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सत्तारूढ़ बीआरएस के 101 विधायकों में से 38 (38 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जबकि, एआईएमआईएम के 7 विधायकों में से 2 (29 प्रतिशत), कांग्रेस के 6 विधायकों में से 3 (50 प्रतिशत), भाजपा के 2 विधायकों और 2 निर्दलीय विधायकों में से 1 ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 30 नवंबर को होना है। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने पर ध्यान दे रही है। जबकि, कांग्रेस भी राज्य में सत्ता में आने के लिए आक्रामक तरीके से प्रचार कर रही है।

## सार समाचार

### हिम्मत कुशवाह बने आरोन यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष



**आरोन, देशबन्धु।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह बाबा साहब की सहमति एवं आशीर्वाद से हिम्मत कुशवाह को आरोन युवा कांग्रेस का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जयवर्धन सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, बिधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन, कांग्रेस कमेटी आरोन अध्यक्ष गोपाल सोनी, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंकित रघुवंशी, आईटी सेल विधानसभा अध्यक्ष शिवा यादव, समस्त कांग्रेस पार्षदगण एवं बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपास्थित रहे। जिन्होंने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेरित कीं।

### कांग्रेस की थोकबंद कार्यकारिणी चुनाव के बीच घोषित



**गुना, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशन एवं पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के मार्गदर्शन तथा पूर्व केबिनेट मंत्री राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह की अनुशंसा पर गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ द्वारा जिला कार्यकारिणी घोषित की गई है। दरअसल जिलाध्यक्ष श्री धाकड़ द्वारा घोषित की गई अपनी कार्यकारिणी के सिलसिले में पत्रकारों से भी मुखातिब हुए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी कार्यकारिणी की सम्पूर्ण रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर चुनाव के बीच इस तरह की थोकबंद कार्यकारिणी पहली बार देखने और सुनने को मिली है। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कांग्रेस के नाराज कार्यकर्ताओं को कहीं न कहीं संतोष करने के लिए घोषित की है। इसी तरह के एक सवाल को लेकर जिलाध्यक्ष मेहरबानसिंह धाकड़ ने कहा कि पहले दो जिलाध्यक्ष थे। जिनमें एक शहर और एक ग्रामीण होने से पूर्व में यह कार्यकारिणी घोषित नही हो सकी। चूकि अब चुनाव है और कार्यकारिणी घोषित होने से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और जिम्मेदारी दी जा सकेगी।

**गुना सीट से टिकिट मिलने के बाद नाराज कार्यकर्ताओं के सवाल पर कहा मैनेज करेंगे**

## कुंभराज में फीता काटकर कार्यालय का किया उद्घाटन, शिवराज बोले

# कमलनाथ और दिग्विजय को बेटों के भविष्य की चिंता



**गुना, देशबन्धु।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कुंभराज में आयोजित आमसभा में बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना में जिनके फॉर्म नहीं भर पाए हैं, उनके फॉर्म सरकार बनते ही भरवाए जाएंगे। अभी नवरात्र चल रहे हैं माता से यही कामना है कि अगर जनता के जीवन में कुछ कष्ट लिखे हों तो वो मुझे दे देना और मेरी खुशियां उन्हें दे देना। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि कांग्रेसी कहते हैं कि ये प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। दरअसल ये कांग्रेस नेताओं के बेटों का भविष्य बनाना चाहते हैं। एक राघोगढ़ में अपने बेटे के लिए लगे हैं, वहीं दूसरे कमलनाथ छिंदवाड़ा में अपने बेटे का भविष्य बनाने में लगे हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तय कार्यक्रम के अनुसार शनिवार दोपहर 2 बजे हेलीकॉप्टर से कुंभराज हेलीपैड पर पहुंचे। यहां राजगढ़ सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, चांचौड़ा से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका पेंची सहित कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीएम हेलीपैड पर बने ग्रीन रूम में गए। सूत्रों के मुताबिक ग्रीन रूम में उनके कुर्ते पर चाय गिर गयी थी, जिसके कारण कुर्ता खराब हो गया था। इस वजह से उन्होंने सबसे पहले अपने कपड़े बदले। इसके बाद उन्होंने कार्यालय का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। पहले उनका रोड शो भी होना था, लेकिन देर हो जाने के कारण और सीएम को 4 बजे ग्वालियर पहुंचना था, इस वजह से रोड शो कैंसिल कर दिया गया। आमसभा में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी प्रियंका पेंची ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वह तीन वर्ष पहले चांचौड़ा की बहू बनकर राजस्थान से आयीं। यहां की जनता ने उन्हें भरपूर प्यार दिया है। 2003 से पहले प्रदेश खस्ताहाल था। जो भी विकास किया है, वो केवल भाजपा सरकार ने ही किया है।

**कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी पर भी सीएम ने बोला हमला :** सीएम शिवराज सिंह ने कांग्रेस के साथ-साथ आम आदमी पार्टी पर भी हमला बोला। चांचौड़ा से भाजपा की बागी आप पार्टी से ममता मीना प्रत्याशी हैं। सीएम ने कहा कि एक आम आदमी पार्टी है। उसके तो सभी नेता जेल में हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जो लोगों के मन मे बसे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस है। इन्होंने एक गठबंधन किया इंडी गठबंधन। जब बाढ़ आती है तो सभी लोग एक पेड़ पर चढ़ जाते हैं। बंदर, भालू, शेर, बिल्ली सभी जान बचाने एक ही पेड़ पर चढ़ जाते हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो विकास की बाढ़ आई है, उसके खिलाफ सभी विपक्षियों ने ये गठबंधन किया है।

### सीएम राईज उमावि बरखेड़ा हाट में आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान समारोह



**गुना, देशबन्धु।** सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं सीएम राइज शासकीय उमावि बरखेड़ा हाट के प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों का सम्मान एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के द्वारा किया गया। यह समारोह कार्यक्रम संस्था सीएम राईज पर सम्पन्न हुआ। शिक्षकों के सम्मान का यह आयोजन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस शाखा गुना के द्वारा किया गया।

जिसमें सीएम राइज स्कूल शासकीय उमावि बरखेड़ा हाट के प्राचार्य यशवंत सिंह धाकड़, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य एवं अजय कुमार शर्मा, संकुल प्राचार्य नन्दलाल यादव, विश्वीर सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान इंश्योरेंस की महत्वाकांक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें एसबीआई लाईफ शाखा प्रबंधक सुरेश कुमार सनोदिया, एजेंसी मैनेजर प्रवीण रघुवंशी की टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए डॉक्टर युवराज शर्मा



**आरोन, देशबन्धु।** नगर के डॉक्टर युवराज शर्मा सरपंच प्रतिनिधि रामपुर भाजपा को छोडक़र कांग्रेस पार्टी में शनिवार शामिल हुए हैं। युवराज शर्मा ने राघोगढ़ किला पहुंचकर सदस्यता ली है। युवराज शर्मा ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक जयवर्धन सिंह की कार्यशैली एवं कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर वह कांग्रेस में शामिल हुआ हैं। कांग्रेस परिवार मेरा अपना परिवार है।

#### मृगवास थाना पुलिस की अवैध मादक पदार्थ तस्करी की सूचना पर त्वरित कार्यवाई

## तस्कर को जिले की सीमा में घुसते ही धर दबोचा, 1.50 लाख की स्मैक बरामद



**गुना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुये गुना पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार को समाप्त किये जाने हेतु विभिन्न नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त नशा माफियाओं पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हेतु अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिये गये हैं। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में पुलिस द्वारा नशा माफियाओं पर एक के बाद एक कार्यवाहियां कर उन्हें धरासाई किया जा रहा है। इसी सिलसिले में एसडीओपी चांचौड़ा श्रीमति दिव्या सिंह राजावत के मार्गदर्शन में जिले के मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयवीर सिंह बघेल एवं उनकी टीम द्वारा गत् दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को राजस्थान से स्मैक लेकर आए एक तस्कर को जिले की सीमा में घुसते ही 1.50 लाख की 15 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की गई है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत् दिनांक 20 अक्टूबर 2023 की शाम को जिले के मृगवास थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि राजस्थान के तेलनी गांव की ओर से एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर पैदल-पैदल ग्राम बड़ौद तरफ जा रहा है । इस सूचना के मिलते ही सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु मृगवास थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल थाना क्षेत्र के ग्राम आंकखेड़ी नाका के पास स्थित पुलिस पर पहुंचकर नाकाबंदी की गई, जहां पर कुछ ही समय बाद मुखबिर द्वारा बताये हुलिये के एक व्यक्ति के पैदल-पैदल आते दिखाई देने पर पुलिस फोर्स द्वारा जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम सरवन पुत्र हरि सिंह मीना उम्र 27 साल निवासी ग्राम कानाखेड़ी थाना कुम्भराज का होना बताया, पुलिस द्वारा जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर जिसके पेंट की जेब से एक पॉलीथिन में अवैध मादक पदार्थ 15 ग्राम स्मैक कीमती 150 लाख रूपये की मिली, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी सरवन मीना को गिरफ्तार किया एवं जिसके विरुद्ध मृगवास थाने में अप.क्र. 298/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है । स्मैक तस्करी में गिरफ्तारशुदा आरोपी सरवन मीना से स्मैक के संबंध में पूछने पर उसने उक्त स्मैक रंगलाल मीना निवासी ग्राम देवरीमुण्ड थाना हर्नावदा जिला वांरा राजस्थान से खरीदकर लाना एवं जिसकी फुटकर में पुडिया बनाकर स्मैक पीने वालों को बेचने के लिये लेकर जाना बताये जाने पर पुलिस द्वारा आरोपी सरमन मीना को स्मैक उपलब्ध कराने वाले रंगलाल मीना को भी धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण में आरोपी बनाया गया है एवं जिसे भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर इनके स्मैक तस्करी के अन्य खुलाशे किये जाएंगे। उल्लेखनीय है कि स्मैक तस्करी में गिरफ्तारशुदा आरोपी सरवन मीना एक आदतन अपराधी है, जिसका पिछला आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है, जिसके विरूद्ध चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, जुआ सहित विभिन्न धाराओं में कुल 8 आपराधिक मामले दर्ज होना पाये गये हैं। अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध मृगवास थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयवीर सिंह बघेल, सानई चौकी प्रभारी सउनि अनिल कदम, आरक्षक नीरज धाकड़, आरक्षक नरेन्द्र मीना, आरक्षक धीरेन्द्र प्रताप, आरक्षक विकाश राठौर एवं आरक्षक जितेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## इंजी गोपालसिंह होंगे भाजपा प्रत्याशी

**कार्यकर्ताओ ने मनाई खुशी, चली आतिशबाजी**

**आष्टा, देशबन्धु।** लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी की ओर सीहोर जिले की चार विधानसभा में से तीन विधानसभाओं के प्रत्याशियों की नाम की घोषणा होने के बाद से ही आष्टा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी के नाम को होल्ड किया हुआ था । लगातार सभी स्तरों पर हुआ विचार विमर्श, मंथन के बाद अंतत: आज भारतीय जनता पार्टी ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र क्र 157 से इंजीनियर गोपाल सिंह को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया।

आज जैसे ही सूची जारी हुई वैसे ही आष्टा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त हो गया । गोपालसिंह के नाम की घोषणा होते ही इंजीनियर गोपाल सिंह के सुभाष नगर स्थित निवास पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ढोल ढामाकों के साथ पहुंचे तथा उनका स्वागत और सम्मान करें उन्हें मिठाई खिलाई । जमकर आतिशबाजी चलाई गई । स्मरण रहे प्रथम सूची जारी होने के बाद से ही अभी तक जो सूची प्रत्याशियों की भाजपा ने घोषित की थी उसमें भी आष्टा का नाम नही आने से चल रहे सभी नामो को लेकर बड़ी असमंजस की स्तिथि बनी हुई थी, आज घोषित सूची में इंजी गोपालसिंह के नाम की घोषणा होते ही सभी चर्चाओं, कयासों पर विराम लग गया। अपने नाम की घोषणा होते ही इंजी गोपालसिंह आज सबसे पहले वे नगर के प्राचीन गणेश मंदिर पहुचे ओर भगवान गणेश जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### चौहान का विरोध



**आष्टा, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होते ही कमल सिंह चौहान का विरोध शुरू। टिकिट बदलने की आला कमान से की जा रही है मांग, टिकिट को लेकर नाराज़ वरिष्ठ कांग्रेसियों ने बैठक बुलाकर निर्णय लिया की अगर टिकिट नही बदला तो निर्दलीय चुनाव लड़ाने को लेकर किया जा सकता है विचार, आष्टा विधान सभा रिज़र्व सीट पर चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाने का आश्वासन प्रदेश आलाकमान द्वारा सभी उम्मीदवरों को छेत्र में जाकर कमलनाथ द्वारा जन हित मे की गई घोषणा, वचन पत्र लोगो तक पहुंचाकर महिला सम्मान निधि फार्म भरवाने का कहा गया था, उसके बाद सर्वे में नाम आने पर टिकिट देने का आश्वासन देकर फील्ड में जाकर काम किया, दो माह तक योजना के प्रचार के लिए रथ बनाकर गांव गांव प्रचार वाहन रावना किये, कई चार और दो पहिया वाहन चलाये, सर्वाधिक 20 हज़ार महिला सम्मान के फॉर्म भरे, चारों सर्वे में नाम भी आया, ओर अंत मे कुछ समय पूर्व कांग्रेस में शामिल हुए व्यक्ति को पार्टी ने टिकिट दे दिया, पार्टी के इस फैसले से नाराज़ वरिष्ठ कांग्रेसियों ने आज ग्राम डोडी में इकट्ठा होकर पार्टी के इस फैसले का विरोध करते हुए नाराज़गी ज़ाहिर की, पार्टी से टिकिट मांग रहे एडवोकेट मनोहर सिंह पंडितिया विगत दिवस कांग्रेस से प्रत्याशी घोषित किये गए कमल सिंह चौहान के चुनावी कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर भी छेत्र के अधिकांश जनाधार वाले कार्यकर्ताओ का नही पहुंचना कांग्रेस में बगावत का संदेश है, अभी जिन्हे टिकिट है उनका बहुत विरोध है, कमल सिंह की राजनीति अभी तक एक वर्ग विशेष की रही है जो की अन्य वर्ग के लिए नुकसान दायक है, अगर टिकिट नही बदला तो निश्चित ही हम सभी एक व्यक्ति का चयन कर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे-मुश्ताक अहमद उपाध्यक्ष जिला कॉग्रेस आष्टा, मुश्ताक अहमद जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस आष्टा बाइट-एडवोकेट मनोहर सिंह पंडितिया प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस।

## मैंने दलितों के लिए लड़ी लड़ाई मंदिर में कराया प्रवेश



**सीहोर, देशबन्धु।** मैंने कभी राजनीति में निजी स्वार्थ को स्थान नहीं दिया। जातिवाद और धार्मिक कटटर विचार और रूढिवादी मान्यताओं का हमेशा विरोध किया। राजनीति का ध्येय मानव सेवा को माना। हरेक जाति, धर्म के लोगों के साथ मिलकर चला। यह बात पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना ने कही उन्होंने बताया कि राजनीति के तौर तरीके अब बदल गए हैं। अब लोग अपने निजी हित साधने के उददेश्य से यह क्षेत्र चुन रहे हैं। सिर्फ वोट पाने के लिए समाज को बांटते हैं, कट्टरता फैलाते हैं। जबकि मेरा तो नारा रहा है हिंदु-मुस्लिम सिख ईसाई आपस में हैं भाई भाई।

रमेश सक्सेना ने बताया कि सन 1978 में जब वह ग्राम पंचायत बडखेडा हसन के सरपंच बने तो उन्होंने सबसे पहले ग्राम में अनूसूचित जाति वर्ग के लोगों को मंदिर में प्रवेश दिलाया। जातिवाद के खिलाफ लडाई लडी है। लोगों को जोडने का प्रयास किया। मंदिर में सभी लोगों के साथ बैठाया पूजा पाठ आरती में शामिल कराया। इस बात पर कई लोगों ने विरोध भी किया सभी लोगों को समझाया, एक जाजम पर बैठाया। लोगों की मांस-मंदिरा छुडवाई और अच्छा और बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

**गांव- गांव बनाए मंडल :** रमेश सक्सेना ने बताया कि मैंने सभी समाज और हर धर्म के लोगों से नशा त्यागने का आग्रह किया। गांव-गांव में रामायण मंडल बनाए जिनमें हर जाति के लोगों को साथ रखा। प्रेम, भाईचारे, आपसी जुडाव, एकता की बात कहीं। यह पंरपरा आज भी जारी और गांव में सब मिलकर मंदिर में पूठा पाठ करते हैं। लेकिन कुछ लोगों को यह भाईचारा पसंद नहीं। वह तो सिर्फ अपना ही भला चाहते हैं। नशा व्यक्ति को बर्बाद करता है। नशे से घर के घर बर्बाद हो रहे हैं। लेकिन कुछ लोग इस सामाजिक बुराई को बढावा देते हैं।

**बांटने वालों की बात में न आना :** रमेश सक्सेना ने कहा कि अब चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। इसलिए ऐसे लोगों से दूर रहें जो बांटने की बात करे। आपको प्रलोभन दे। कांग्रेस ने देश की बुनियाद रखी, देश को रास्ता दिखाया। नए भारत का निर्माण किया। आज प्रदेश में कमलनाथ के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी, खिलाडी, छात्र, नौकरीपेशा हरेक वर्ग का घोषणा पत्र में ध्यान रखा गया है।

## शहर के गल्ला मंडी में 55 सालों से गुजराती गरबा की धूम



**सीहोर, देशबन्धु।** शहर में नवरात्रि के पावन अवसर पर आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर गरबे का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन करीब 55 सालों से निरंतर गल्ला मंडी पर गुजराती गरबा की धूम है। जहां पर बड़ी संख्या में रात्रि में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी गरबा में शामिल होने पहुंच रहे है। इस संबंध में प्रतिष्ठत व्यवसायी शैलेश पटेल ने बताया कि यहां पर सालों से गरबे का आयोजन किया जा रहा है। मंडी सहित आस-पास के गुजराती परिवार के श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में गरबे करने के लिए आते है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार करीब 55 सालों से निरंतर गुजराती परिवार नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा और डांडिया का आयोजन करते है। यहां पर मौजूद महिलाओं ने बताया गरबे को सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। अश्विन मास की नवरात्रि को गरबा नृत्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर गुजराती पारंपरिक परिधानों में विधि-विधान से मां की आराधना की जाती है।

## नगरपालिका को व्यापारिक संस्था नहीं बनने दें : परमार



*__आष्टा, देशबन्धु।__ म.प्र. शासन से सार्वजनिक सामुदायिक भवन, इण्डोर गेम्स, अन्य सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यों के लिए नगरपालिका परिषद आष्टा द्वारा वर्ष 2000 में नि:शुल्क मात्र 1 रूपये के भूभाटक पर आवंटित कराई गई भूमि पर वर्तमान नगरपालिका परिषद द्वारा अवैधानिक तरीके से व्यवसायिक दुकानो का निर्माण कर ताबडतोड गुपचुप तरीके से उनके निर्माण हुए बिना ही अपने हितैषियों को अवैध लाभ पहुॅचाने के उद्देश्य से उनकी नीलामी एवं बोली के लिफाफे भी जमा करवा लिए ओर आष्टा नगर के नागरिको को भ्रम एवं संशय में रखकर उक्त अवैध दुकानो का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं, उक्त आशय के आरोप पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने वर्तमान नगरपालिका परिषद द्वारा नये बस स्टेंड के सामने स्थित सामुदायिक भवन के पार्किंग स्थल एवं शहीद स्मारक परिसर में व्यवसायिक दुकानो के निर्माण पर आपत्ति लेते हुए लगाये हैं। उन्होने नगरपालिका परिषद आष्टा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखकर इन व्यवसायिक दुकानो के अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग की हैं। उन्होने पत्र में उल्लेखित करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में म.प्र. शासन से नि:शुल्क भूमि मात्र 01 रूपये के भूभाटक पर लगातार अथक् तथा वैधानिक प्रस्तुतिकरण से आवंटित करवाकर सर्वसुविधापूर्ण कम्यूनिटी हाल का निर्माण करवाया गया था। भूमि आवंटन के आदेश में यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित हैं कि नगरपालिका इस आवंटित भूमि पर कोई भी व्यवसायिक प्रयोजन जैसे दुकान निर्माण आदि नही किया जायेगा अन्यथा आवंटन स्वत: निरस्त माना जावेगा। पूर्व परिषद द्वारा बनाये गये कम्यूनिटी हाल की सीमा पर बाउड्रीवाल का निर्माण सुरक्षा हेतु किया गया तथा सामने बने शहीद स्मारक को सम्मान देने तथा पार्किंग हेतु रोड किनारे पार्किग निर्माण के लिए शहीद स्मारक को कम्यूनिटी हाल के खुले प्रांगण में स्थानांतरित किया गया तथा इंदौर भोपाल राजमार्ग तथा कम्यूनिटी हाल के मध्य के स्थान पर सुंदर पेबर्स लगाकर 2 पहिया वाहनो हेतु पार्किंग की व्यवस्था बनवाई गई थी। कम्यूनिटी हाल के लिए जो भूमि शासन से नि:शुल्क व सशर्त मिली थी उसके सामने खुला प्रागंण था, वह व्यवस्थित कार्यक्रमो हेतु सुविधायुक्त शेड निर्माण तीसरे कार्यकाल वर्ष 2014 से वर्ष 2019 में करवाया गया, इसमें उक्त कम्यूनिटी हाल की उपयोगिता ओर बढी। वर्तमान परिषद द्वारा कम्यूनिटी हाल के ओपन स्पेश में पल्लिवित पोषित पौधो को नगरपालिका द्वारा नष्ट कर बनी हुई बाउड्रीवाल को तोडकर व्यवसायिक दुकानो का निर्माण किया जा रहा हैं जो कि अवैधानिक कार्य हैं।*

# देवेंद्र ने मध्य विधानसभा से भरा पहला नामांकन

## चप्पल चुनाव चिन्ह मांगा
## पिछले चुनाव में भी मैदान में थे



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल की सातो विधानसभाओं के लिए आज से नामांकन भरे जाने की शुरुआत हो गई। आज पहले दिन महज एक नामांकन भरा गया। यह पहला नामांकन भोपाल मध्य विधानसभा से देवेंद्र प्रकाश मिश्रा ने निर्दलीय के रूप में दाखिल किया। उन्होंने चुनाव चिह्न चप्पल मांगा है। वे पिछले चुनाव में भी इसी विधानसभा से निर्दलीय के रूप में मैदान में उतरे थे। हालांकि, वे हार गए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद शनिवार से ही नामांकन प्राप्त करने की प्रक्रिया भी प्रशासन ने शुरू कर दी। नामांकन कहां-कहां दाखिल किए जाएंगे, इसके लिए पहले ही जगह तय कर दी गई थी। अब इन निर्धारित स्थानों पर 30 अक्टूबर तक रोज सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे। वहीं, 31 अक्टूबर को जमा किए गए नामांकनों की जांच होगी। यूं तो नामांकन दाखिल करने के लिए उम्मीदवारों के पास यूं तो 10 दिन है, लेकिन इनमें से 4 दिन दशहरा, शनिवार-रविवार की छुट्टी रहेगी। ऐसे में उम्मीदवारों को सिर्फ 6 दिन ही मिलेंगे।

### उम्मीदवारों के लिए यह नियम

विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन जमा करने जिला प्रशासन ने नियम तय किए है। इसके तहत उम्मीदवार रिटर्निंग अधिकारी के सामने खुद मौजूद रहकर नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान उम्मीदवार के साथ 4 अन्य लोग भी रह सकते हैं। सुविधा एप के जरिए वे ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल किए जा सकते हैं। निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं। नामांकन फॉर्म के साथ उम्मीदवार को फॉर्म-2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। आपराधिक रिकॉर्ड के प्रकाशन के लिए प्रारूप सी-1 एवं सी-4 देना होगा।

## गरबा आयोजनों में मतदाता जागरूकता का संदेश

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नवरात्रि महोत्सव अंतर्गत गरबा आयोजनों में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा। लोकतंत्र को मजबूत करने मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है। युवाओं को लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने एवं अपने मताधिकार का उपयोग करने जागरूक किया जा रहा है। इसी के साथ जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां जैसे मतदान जागरूकता पर फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सहित मेंहदी, रंगोली, स्लोगन, गीत प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान का महत्व और जानकारी दी जा रही है। वहीं जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर राशन लेने आ रहे व्यक्तियों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है । इन लोगों को स्लोगन के माध्यम से मतदान दिवस की जानकारी देने के साथ अपने मताधिकार के उपयोग के लिये जागरूक किया जा रहा है ।

### व्यय प्रेक्षकों की बैठक आज

संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षको द्वारा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सभी रिटर्निंग ऑफिसर अनिवार्य रूप से एक-एक मुख्य अधिकारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

## 3 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने शराब तस्करों पर सख्ती शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कमला नगर पुलिस ने एक निगरानी बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से रखी 18 हजार रुपए की शराब जप्त की है। इस दौरान आरोपी का एक साथी भी पकड़ा गया। दोनों मोटर साइकिल पर शराब रखकर आपूर्ति करने निकले थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। वहीं शाहजहांनाबाद पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास 25 हजार रुपए की शराब जप्त की है। कमला नगर पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात सूचना मिली कि एक बजाज पल्सर मोटर साइकिल पर सवार दो युवक नया बसेरा से बटालियन की तरफ गए हैं। उनके पास मौजूद दो बोरियों के अंदर अवैध शराब रखी हुई है। सूचना के बाद पुलिस की एक टीम दोनों की तलाश में भेजी गई। पुलिस ने फायरिंग रेंज के आगे प्रेमपुरा के पास उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों गाड़ी छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम विश्वजीत सिंह तोमर और निखिल बाथम बताए। बोरियों की तलाशी लेने पर कुल 300 क्वार्टर देशी शराब रखी मिली, जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। जप्त की गई। शराब की कीमत 18 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विश्वजीत पूर्व में लूट के चार मामलों के साथ ही शराब तस्करी में पकड़ा जा चुका है। उधर शाहजहांनाबाद पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि 108 कार्यालय के पीछे एक युवक ने बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब का संग्रहण कर रखा है, जिसे वह बेचने वाला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम आदिल उर्फ बच्चा उम्र 19 वर्ष निवासी मल्टी वाजपेयी नगर थाना शाहजहांनाबाद बताया। उसके कब्जे से साढ़े 3 सौ अवैध शराब मिली, जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। जब्त हुई शराब की कीमत करीब 25 हजार रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी कुख्यात बदमाश है। उसके खिलाफ पूर्व से एक दर्जन से ज्यादा अपराध दर्ज हैं।

# ऑनलाइन कर्ज ने ली एक और युवक की जान

## भाई बोला-वसूली वाले करते थे प्रताड़ित , दवाब नहीं झेल



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में ऑनलाइन ऐप से कर्ज की किश्त नहीं चुकाना एक युवक को भारी पड़ गया। चूंकि कर्ज की वसूली करने वाले एजेंट ने उसे इतना प्रताड़ित किया कि उसने फांसी लगा ली। यही नहीं उसकी मौत के बाद भी फोन लगाना बंद नहीं किया तो परिजनों ने एजेंट को बताया कि वह अब इस दुनिया में नहीं है। इस पर एजेंट ने कहा कि कुछ ही रुपए तो बाकी थे, इससे पहले मर कैसे गया।

प्राप्त जानकरी के अनुसार गौतम थाना क्षेत्र के आरिफ नगर में रहने वाला युवक फैजान खान पिता कल्लू खान उम्र 25 वर्ष घोड़ा नक्कास पर चायपत्ती की दुकान संचालित करता था। शुक्रवार देर शाम वह घर में फंदे पर लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्मार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। जहां शनिवार को पोस्टमार्टम कर शव का परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक के भाई इरफान का कहना है कि हम पांच भाईयों में फैजान चौथे नंबर का था। हमारी 2 बहनें भी हैं। शुक्रवार शाम कई घंटे तक फैजान कमरे से बाहर नहीं आया। हमने देखा तो कमरे का दरवाजाअंदर से बंद मिला। किसी तरह से दरवाजे को खोला। अंदर देखा तो वह फंदे पर लटका था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। इरफान ने बताया फैजान की मौत के बाद कर्ज की वसूली करने वालों का फोन आया था। तब पता चला कि उसने मनी व्यू नाम के ऑनलाइन लोन ऐप से कर्ज लिया था। उसने कर्ज क्यों लिया इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है। लेकिन फोन करने वाले ने बताया कि फैजान कर्ज की किश्तें नहीं भर रहा है। हमने उन्हें बताया कि फैजान अब इस दुनिया में नहीं है। उसने खुदकुशी कर ली है। उन्होंने मजाक उड़ाते हुए कहा कि उसने 10 हजार रुपए तो भर दिए हैं। कुछ ही रुपए बाकी थे, इससे पहले कैसे मर गया। गौतम नगर थाने के एसआई गणेश प्रसाद ने बताया किमामले की जांच की जा रही है। अभी परिजनों के विस्तृत में बयान दर्ज नहीं हुए हैं। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

# पत्नी मायके से नहीं लौटी तो पति ने की खुदकुशी

## 2 दिन तक फंदे पर लटका रहा शव
## भतीजी ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी



**भोपाल, देशबन्धु।** सूखीसेवनिया इलाके में रहने वाले बिजली विभाग के कर्मचारी ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव दो दिनों तक फंदे पर लटका रहा। चूंकि वह घर में अकेला था। उसकी शराब की लत के चलते पत्नी दो महीने से तीनों बच्चों के साथ मायके में है।

पुलिस के अनुसार सिरोंज जिला विदिशा निवासी अशोक अहिरवार पुत्र सोमत सिंह अहिरवार उम्र 39 वर्ष सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र क्रेशर बस्ती में रहते था। वह बिजली विभाग के आउट सोर्स कर्मचारी था। उनकी शादी 14 साल पहले सिरोंज में ही रहने वाली संगीता से हुई थी। दोनों के तीन बच्चे परिधि, सुप्ति और मयूर हैं। लेकिन अशोक शराब पीने के आदि था और नशे में आए दिन पत्नी से विवाद करता था। इससे वह नाराज होकर पत्नी दो महीने पहले तीनों बच्चों अपने मायके चली गई थी। चार दिन पहले अशोक पत्नी और बच्चों को लेने गया था। लेकिन वह आने को राजी नहीं हुई। इसके बाद अशोक नेघर लौट कर अकेले रहने के दौरान और अधिक शराब पीना शुरू कर दी। अशोक आखिरी बार दो दिन पहले मोहल्ले में देखा गया था। इसके बाद दिखाई नहीं पड़ने पर उसके बड़े भाई बरगत सिंह ने शुक्रवार को दिन भर में अशोक को कई फोन किए। उन्होंने फोन नहीं उठाया तब बड़े भाई ने अपनी बेटी सपना को उसे घर जाकर देख कर आने के लिए कहा। वह चाचा के घर पहुंची तो घर अंदर से बंद था। काफी आवाजें देने पर भी दरवाजा नहीं खुला। तब उसने एक खिड़की से झांककर देखा तो अशोक का शव फंदे पर लटका हुआ दिखा। इस पर उसने तत्काल पड़ोसियों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना कर दिया। पुलिस के मुंताबिक शव से बदबू आने लगी थी। अनुमान है कि शव करीब 48 घंटे पुराना था। शनिवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# बीएमएचआरसी में आई ईईजी मशीन, मानसिक बीमारियों की जांच शुरू



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में शनिवार को मिर्गी, दिमागी बुखार, दिमाग में सूजन जैसी मानसिक बीमारियों की जांच के लिए आवश्यक इलेक्ट्रोइन्सेफलोग्राम (ईईजी) जांच मशीन को मरीजों को समर्पित किया। इस मशीन में वीडियो कैमरा भी लगा हुआ है। इससे जांच के दौरान मरीज की हर गतिविधि दर्ज होगी और चिकित्सक को मरीज की बीमारी की असली स्थिति और उसका विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। गैस पीड़ित मरीजों को ये सुविधा निशुल्क दी जाएगी।

इस अवसर पर बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि ईईजी मशीन की सहायता से दिमाग की सामान्य और असामान्य स्थिति का पता चलता है। मशीन का प्रयोग कई प्रकार के दिमागी विकारों जैसे ब्रेन स्टोक, दिमागी बुखार, दिमाग में सूजन आदि की जांच के लिए किया जाता है। कई मानसिक बीमारियों जैसे साइकोजेनिक नॉन एपिलेप्टिव सीजर, न्यूरो डेवलपमेंट डिसऑर्डर, नार्कोलेप्सी आदि की जांच में भी इस मशीन का अहम योगदान है। इससे अस्पताल में आने वाले काफी मरीजों को लाभ होगा। वहीं बीएमएचआरसी के मनोचिकित्सा विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ ज्योत्सना जैन ने बताया कि कई बार अत्यधिक तनाव में रहने वाले मरीजों में मिर्गी के लक्षण देखे जाते हैं, लेकिन वास्तव में उनको मिर्गी नहीं होती। इसे साइकोजेनिक नॉन एपिलेप्टिव सीजर कहा जाता है। ईईजी मशीन से ही इस बात की पुष्टि होती है कि मरीज को मिर्गी नहीं है। साथ ही ऐसे बच्चे जिनके दिमाग का विकास नहीं होता में भी मिर्गी के लक्षण देखे जाते हैं, उनकी जांच के लिए भी ईईजी जांच आवश्यक होती है।

## विधायक के विकास कार्य के बोर्ड नहीं हटे



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता घोषित करते ही राजनीतिक बैनर, पोस्टर और बोर्ड होर्डिंग को हटाने के निर्देश दे दिए थे, लेकिन बैरागढ़ क्षेत्र में वर्तमान विधायक रामेश्वर शर्मा के विकास कार्य के बोर्ड अब तक गली मोहल्लों में लगे हुए हैं, जिसे प्रशासन द्वारा अभी तक नहीं हटाया गया है। यह मुद्दा स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि आचार संहिता में भी विधायक रामेश्वर के सामने प्रशासन बोना बन बैठा है। यही वजह है कि विधायक रामेश्वर शर्मा के विकास विकास कार्य करवाने वाले प्रभारी सिविल अधिकारी आचार संहिता में विधायक को चुनाव मैं मदद के उद्देश्य से गली मोहल्ले जहां पर लोगों का आवागमन ज्यादा होता है वहां से विकास कार्य के बोर्ड नहीं हटवाए है जिससे चुनाव में विधायक को फायदा मिलने की संभावना है।

# अतिथि शिक्षक को खुदकुशी के लिए उकसाने वाले प्राचार्य सहित 3 शिक्षकों पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के नजदीक गुनगा थाना क्षेत्र के हर्राखेड़ा गांव में शासकीय अरविंद भार्गव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अतिथि शिक्षक द्वारा फांसी लगाकर जान देने के मामले में पुलिस ने प्राचार्य सहित तीन शिक्षकों को खुदकुशी के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपियों की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं की हो सकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से अशोक नगर निवासी आकाश यादव पुत्र गोपाल यादव उम्र 28 वर्ष यहां ग्राम हर्राखेड़ा स्थित शासकीय अरविंद भार्गव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बतौर अतिथि शिक्षक नौकरी कर रहा था। वह स्कूल से करीब चार सौ मीटर दूर किराए के मकान में रहता था। 14 अक्टूबर को सुबह जब वह स्कूल नहीं पहुंचा तो उनके साथ काम करने वाले साथी शिक्षकों को चिंता हुई। एक शिक्षक पता लगाने के लिए उनके घर पहुंचा लेकिन दरवाजा भीतर से बंद मिला। कई बार खटखटाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया तो कमरे में आकाश यादव फंदे पर लटका मिला और उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग दर्ज करने और शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाने के बाद घटनास्थल की तलाशी ली तो आकाश द्वारा लिखा गया पत्र मिला। इस पत्र में अतिथि शिक्षक ने लिखा था कि प्राचार्य उसके स्थान पर अपने साले को रखना चाहते हैं। अतिथि शिक्षक छगनलाल शाह और नरेंद्र दुबे, प्राचार्य के साथ मिलकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। छगनलाल मुझसे विवाद करता है और उसने झूठी एफआईआर भी कराई है। मैं बहुत परेशान हूं। ये लोग मेरी जिंदगी खराब करना चाहते हैं। आज मैं जो कदम उठाने को मजबूर हूं, उसके जिम्मेदार प्राचार्य श्रीप्रकाश विजयवर्गीय, नरेंद्र दुबे और छगनलाल शाह हैं। इस पत्र की जांच और विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों से पूछताछ के बाद पत्र में उल्लेखित तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपी अतिथि शिक्षक आकाश यादव की खुदकुशी के बाद से ही भूमिगत है। प्रकरण दर्ज करने के बाद पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है। सभी के निवास पर दबिश दी जा चुकी है। उनके करीबी रिश्तेदारों और परिचितों से आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## आरक्षक की मौत के मामले में पत्नी पर दर्ज हुआ प्रकरण

एएएफ में पदस्थ आरक्षक ने कुछ दिन पहले भदभदा पुल से बड़े तालाब में कूदकर जान दे दी थी। मामले की जांच में पुलिस को पता चला कि वह अपनी पत्नी की प्रताड़ना से मानसिक रूप से काफी परेशान हो चुका था। इसी के चलते उसने इस तरह का कदम उठा लिया था। इस पर पुलिस ने आरक्षक की पत्नी के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है। अभी आरोपी पत्नी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। रातीबड़ थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव के मुताबिक 42 वर्षीय दिलेश्वर एसएएफ में आरक्षक के पद पदस्थ था। 18 अक्टूबर को उसने भदभदा पुल से बड़े तालाब में छलांग लगा दी थी। पानी में डूबने के कारण उसकी मौत हो गई थी। पुलिस को उसके पास से कोई पत्र तो नहीं मिला था। लेकिन परिजनों से हुई पूछताछ में पता चला कि उसकी पत्नी प्रवीणा उसे मानसिक रूप से लगातार प्रताड़ित कर रही थी। परिजनों ने इदप्रताड़ना के सबूत के तौर पर पुलिस को पत्नी द्वारा पति के साथ हुई वाट्सएप की चैटिंग भी सौंपी। इस आधार पर पुलिस ने शुक्रवार रात आरोपी पत्नी प्रवीणा के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त तहसील-कोलार जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 2719 /अ-6/2023-24

मौजा - बरखेडा नाथू तहसील हुजूर

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक श्यामवती मिश्रा आ. राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा निवासी-16 बंजारी डी सेक्टर कोलार रोड भोपाल द्वारा ग्राम अकबरपुर स्थित खसरा क्रमांक 90 (नवीन 332) रकबा 1500 वर्गफिट भूमि का नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 30.10.2023 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें । समयावधि प्रष्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**


# मप्र की 5 जनजातीय बालिकाओं ने मनाली में सीखे पर्वतारोहण के गुर




**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की 5 जनजातीय बालिकाओं ने मनाली स्थित अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान में पर्वतारोहण के गुर सीखे। 28 दिवसीय बुनियादी पर्वतारोहण प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा कर यह जनजातीय बालिकाएं सोमवार को भोपाल लौटीं।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शहडोल की बसंती देवी मरावी, सिहोर की तमन्ना इवने, सतना की पुर्णिमा सिंह, सिंगरौली की पानकली सिंह और भोपाल की संजना कुडौपे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुईं। साथ ही बड़वानी की खेल शिक्षिका सपना मिश्रा भी इन बालिकाओं के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा रहीं। इसके अलावा तेलंगाना, महाराष्ट्र और ओडिशा के 65 जनजातीय विद्यार्थी भी शामिल हुए। इस दौरान इन विद्यार्थियों ने पर्वतारोहण से जुड़ी कई तकनीकों, बर्फ या चट्टानों के प्रकार, पर्वतों की जलवायु तथा उपकरणों की जानकारी व उपयोग और मौसम का पूर्वानुमान आदि के बारे में जाना। प्रशिक्षण के दौरान इन बालिकाओं ने मनाली में सताधार पर्वत के कैंप-1 में लगभग 15 हजार 456 फीट की ऊंचाई तक पर्वतारोहण भी किया। जनजातीय कार्य विभाग के अपर आयुक्त डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने सोमवार को सतपुड़ा भवन स्थित कार्यालय में इन बालिकाओं और खेल शिक्षिका को भेंट देकर सम्मानित किया। इस दौरान बालिकाओं ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के अपने अनुभव भी साझा किए।

## 23 प्रतियोगिताएं जीत दूसरा स्थान रहे मप्र के जनजातीय विद्यार्थी

**भोपाल, देशबन्धु।** देहरादून में आयोजित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की चौथे राष्ट्रीय सांस्कृतिक समारोह में मध्यप्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर 23 प्रतियोगिताओं में अपना स्थान बनाया और देश ओवरऑल दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मप्र से सिर्फ एक प्रतियोगिता अधिक जीतने पर उत्तराखंड ओवरऑल चैंपियन बना। इस 4 दिवसीय प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों के 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। मध्यप्रदेश के 80 सदस्यों के दल ने 28 विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की, जिसमें 23 में स्थान भी प्राप्त किया। 10 प्रतियोगिताओं में प्रथम, 7 प्रतियोगिताओं में द्वितीय और 6 प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सहायक आयुक्त सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में इन जनजातीय विद्यार्थियों के दल ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी का भ्रमण भी किया। प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य डॉ. पल्लवी जैन गोविल और आयुक्त संजीव सिंह ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाईयां दीं।


**आवश्यकता है**

**गुरूसाहब एजुकेशन कॉलेज सोनपुर, चिचोली, जिला बैतूल**

रजि. नं. 27720/14 (बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल तथा NCTE नई दिल्ली द्वारा संबद्धता / मान्यता प्राप्त) कालेज कोड-680

कॉलेज कोड परिनियम 28 (17) के अन्तर्गत निम्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। नियुक्ति U.G.C./ NCTE के नियमानुसार की जायेगी।

| क्रं. | पद का नाम | पद की संख्या | योग्यता - प्रत्येक विषय में 55 प्रतिशत या अधिक अंकों के साथ | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. प्राचार्य | 1 | स्नातकोत्तर, एम.एड., पीएचडी (शिक्षा विषय से) | अध्यापक शिक्षा संस्थान में 10 वर्ष का शिक्षण अनुभव |
| 2 | सहायक प्राध्यापक (शिक्षा के प्ररिप्रेक्ष्य में) | 4 | किसी भी विषय में स्नात्तकोत्तर एवं एम. एड., राष्ट्रिय पात्रता परीक्षा या राज्यस्तरीय पात्रता परीक्षा तथा शिक्षा या संबंधित विषय में पीएचडी | किसी भी पद हेतु अभ्यर्थी का शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव |
| 3 | सहायक प्राध्यापक (शिक्षा शास्त्र शिक्षा विषय-भाषा) | 2 | भाषा विषय में स्नात्तकोत्तर एवं एम.एड. राष्ट्रिय पात्रता परीक्षा या राज्यस्तरीय पात्रता परीक्षा तथा भाषा में पीएचडी | |
| 4 | सहायक प्राध्यापक (शिक्षा शास्त्र शिक्षा विषय-विज्ञान) | 2 | विज्ञान विषय में स्नात्तकोत्तर एवं एम. एड. राष्ट्रिय पात्रता परीक्षा या राज्यस्तरीय पात्रता परीक्षा तथा विज्ञान विषय पीएचडी | |
| 5 | सहायक प्राध्यापक (शिक्षा शास्त्र शिक्षा विषय - गणित) | 2 | गणित विषय में स्नात्तकोत्तर एवं एम.एड. राष्ट्रिय पात्रता परीक्षा या राज्यस्तरीय पात्रता परीक्षा तथा गणित विषय में पीएचडी | |
| 6 | सहायक प्राध्यापक (शिक्षा शास्त्र शिक्षा विषय- सामाजिक विज्ञान) | 2 | मानविकी विषय में स्नात्तकोत्तर, एम.एड. राष्ट्रिय पात्रता परीक्षा या राज्यस्तरीय पात्रता परीक्षा तथा सामाजिक विज्ञान में पीएचडी | - |
| 7 | सहायक प्राध्यापक (निष्पादन कला) | 1 | गायन / वादन/ नृत्य विषय में स्नात्तकोत्तर, | - |
| 8 | सहायक प्राध्यापक (दृश्य कला ) | 1 | पेन्टि विषय में स्नात्तकोत्तर, | - |
| 9 | सहायक प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा) | 1 | शारीरिक शिक्षा विषय में स्नात्तकोत्तर, | - |

* योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के भीतर निम्न पते पर आवेदन या ईमेल आई डी पर प्रेषित करे।
* उम्मीदवार की फोटो बायोडाटा एवं शैक्षणिक प्रमाण-पत्र की स्वयं सत्यापित छायाप्रति निर्धारित अवधि में जमा करें।

**पता - गुरूसाहब एजुकेशन कॉलेज, ग्राम सोनपुर चिचोली, जिला:- बैतूल ( म.प्र. )- 460330**
**मोबाईल- 9425610037, 9752452470, 9893651575 ईमेल आई डी:- gurusahab3@gmail.com**

# अहसास

■ हरिप्रकाश राठी

बहुत पुरानी कहानी है। मेरी नानी मुझे सुनाया करती थी।

तब किसी देश में एक राजा राज्य करता था। राजा नितांत न्यायप्रिय एवं प्रजावत्सल था। उस राजा के इंसाफ के किस्से दूर-दूर तक सुनाये जाते। न्याय हर एक को मिले एवं हर हाल में मिले, यही उस राजा का उसूल था। राजा न्यायप्रिय होने के साथ-साथ प्रजारंजक भी था। वह प्रजा के दु:ख को अपना दु:ख समझता एवं हर समय इसी धुन में रहता कि प्रजा अधिक सुखी किस तरह हो सकती है। कहते हैं राजा एक बार घोड़े पर बैठकर शिकार खेलने गया तो राह में एक किसान का बच्चा घोड़े के नीचे आ गया। राजा बच्चे को लेकर उल्टे पाँव नगर लौट आया, राजवैद्य से इलाज करवाया एवं उसके ठीक होने तक पूरे पाँच दिन अन्न का दाना तक नहीं लिया।

ऐसे न्यायप्रिय राजा को उसकी प्रजा भी हृदय से आदर देती थी। ऐसे धर्मनिष्ठ राजा एवं प्रजा के चलते उस देश में वर्षा समय पर होती थी, अनाज रसयुक्त होते थे एवं वहाँ अकाल मृत्यु सुनने में नहीं आती थी।

इसी देश में दो मित्र निवास करते थे जिनकी बचपन से गाढ़ी मित्रता थी। दोनों एक दूसरे पर जान देते। दोनों एक-दूसरे के बिना रह ही नहीं पाते। दोनों हमउम्र युवा थे एवं इनमें से एक दूसरे से एक वर्ष बड़ा था। बड़े का नाम 'अरिष्टकेतु' एवं छोटे का 'सुमंत' था। दोनों एक मोहल्ले में पैदा हुए, दोनों के माता-पिता की आर्थिक स्थिति भी तकरीबन एक-सी थी, दोनों के घर विपन्न थे, दोनों गुरुकुल में भी साथ रहे एवं विवाह होने तक बहुधा साथ देखे जाते।

विवाह के कुछ वर्ष पश्चात् दोनों की नियति उन्हें भिन्न मार्गों पर ले गई। संयोग कुछ ऐसा हुआ कि सुमंत दिन-दिन आगे बढ़ता गया, चंद समय में ही उसका व्यवसाय चहुँ ओर फैल गया यहाँ तक कि व्यावसायिक जगत में उसके नाम की तूती बोलने लगी। उसके नाम की प्रतिष्ठा उतनी अधिक थी कि व्यवसायी उसकी लिखी हुण्डियों को स्वर्णमुद्राओं के समकक्ष मानने लगे। इससे ठीक विपरीत अरिष्टकेतु के सितारे तमाम प्रयासों के बावजूद गर्दिश में चले गए। वह जिस व्यवसाय में हाथ डालता उसी में नुकसान होता एवं इसी के चलते वह दिन-दिन वैसे ही सूखने लगा जैसे अकाल में नदी-तालाब सूख जाते हैं। उसकी दशा भी ऐसे ही तालाबों की उन मछलियों की तरह हो गई जो भावी की आशंका से दिन-रात तड़पती रहती है। सुमंत ने उसे अनेक बार सहयोग का प्रस्ताव भी किया, पर अरिष्टकेतु अभिमानी था, सुमंत से सहयोग लेना उसे गवारा न हुआ।

इसी दरम्यान अच्छे कारोबार के चलते सुमंत सपरिवार किसी बड़े जनपद में जाकर बस गया। यह जनपद उसके नगर से सौ कोस पर था। यहाँ आकर सुमंत के पौ-बारह हो गए। बड़े जनपद में माल की बिक्री कई गुना होने से उसकी व्यावसायिक बुलंदिया आसमान छूने लगी। उसका सिक्का चलने लगा तथा विपन्नता बीते दिनों की बात बन गई। नये जनपद पर आने के तीन वर्ष पश्चात् सुमंत के माता-पिता का निधन हो गया एवं उसे हरकारों से पता चला कि अरिष्टकेतु के माता-पिता भी कुछ समय पूर्व स्वर्गलोक सिधार गए हैं। बादलों में चमकने वाली बिजली की तरह अरिष्टकेतु की स्मृति यदा-कदा उसके मन:पटल पर कौंधती लेकिन व्यावसायिक व्यस्तता के चलते धीरे-धीरे इस स्मृति का भी लोप हो गया।

काल का महानद कब रुका है। इस बात को भी दस वर्ष होने को आए। इन्हीं दिनों सुमंत एक बार अपनी ऊँची गद्दीदार पेढ़ी पर बैठा था कि एक फटेहाल भिखारी उसके समीप आया एवं वहीं आकर खड़ा हो गया। कृशकाय शरीर, सूखे होठ तथा दीन आँखों से वह साक्षात् विपन्नता का कंकाल लगता था। असहज सुमंत ने तिजोरी से कुछ निकाला एवं उसे दे ही रहा था कि यकायक चौंका। उसकी आँखें फटी रह गई। एक मित्र ने दूसरे मित्र को पहचानने में कोई भूल नहीं की। सुमंत उठा एवं अरिष्टकेतु को गले लगा लिया। हर्ष पुलकित उसकी आँखें भर आई। हृदय प्रेम, आनंद एवं श्रद्धा से भर गया। संयत हुआ तो बोला, ''मित्र! तुम्हारी यह दशा कैसे हो गई ? ऐसी विकट परिस्थिति में तुम मेरे पास चले क्यों नहीं आए ?'' कहते-कहते सुमंत की आँखों से गंगा-जमुना बह गई।

''सब भाग्य का खेल है मित्र! तुम्हारे नगर छोड़ने तक मुझे लगा मैं स्वयं को पुनर्स्थापित कर लूंगा। मैनें कुछ अन्य कारोबार भी किए, लेकिन उनमें भी सफलता नहीं मिली। अब हिम्मत जवाब दे गई है। मेरे ऊपर बहुत कर्जा हो चला है एवं लोग मुझ पर विश्वास नहीं करते। तुम्हारी भाभी एवं बच्चे अत्यंत विषम परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं।'' कहते-कहते अरिष्टकेतु का गला भर आया।

> ''सब भाग्य का खेल है मित्र! तुम्हारे नगर छोड़ने तक मुझे लगा मैं स्वयं को पुनर्स्थापित कर लूंगा। मैनें कुछ अन्य कारोबार भी किए, लेकिन उनमें भी सफलता नहीं मिली। अब हिम्मत जवाब दे गई है। मेरे ऊपर बहुत कर्जा हो चला है एवं लोग मुझ पर विश्वास नहीं करते। तुम्हारी भाभी एवं बच्चे अत्यंत विषम परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं।'' कहते-कहते अरिष्टकेतु का गला भर आया।

''तुम चिंता न करो मित्र! उन सबको मैं चुकता कर दूंगा। मैंने यहाँ इतना धन कमाया है कि सात पीढ़ियों के लिए पर्याप्त है। अब मेरा इस जनपद से भी मन भर गया है। पुराने नगर की याद दिन-रात सालती है। तुमने आकर उन स्मृतियों को पुनर्जीवित कर दिया है। गत कुछ समय से इधर का व्यवसाय बंद कर अपने नगर लौटने की भी सोच रहा हूँ। तुम्हारी भाभी एवं बच्चों की भी यही मंशा है। अब तुम आ गए हो तो इस योजना को त्वरित अंजाम दूँगा। अपना नगर अपना नगर होता है।'' कहते-कहते सुमंत की श्वासों में मिट्टी की गंध महक उठी।

कुछ ही माह में कारोबार समेटकर दोनों मित्र पुराने नगर में आ गए एवं मिलकर वहीं कारोबार करने लगे। सुमंत के सहयोग से अरिष्टकेतु की न सिर्फ पुरानी प्रतिष्ठा लौट आई, उसका व्यवसाय भी दिन दूना बढ़ने लगा।

भाग्य, भावी एवं भवितव्यता प्रबल है।

इस संसार में कौन है जिसे चिंता रूपी सर्पिनी ने नहीं खाया ? मोह ने किसे मतिभ्रम नहीं किया ? डाह ने किसे नहीं डसा ?

अरिष्टकेतु वैसे तो सुमंत का उपकार मानता था, परन्तु उसकी समृद्धि एवं संपर्कों को देख अनेक बार ईर्ष्या से दग्ध हो उठता। सुमंत की बढ़ती उसकी आँखों में खटकने लगती। यह ईर्ष्या अनेक बार इतनी गहन होती कि अरिष्टकेतु कल्पनाओं में मित्र का अरिष्ट तक सोचने लगता। व्यक्ति जब नकारात्मक विचारों से घिर जाता है तो स्वयं का विकास उसका लक्ष्य नहीं होता वह तो 'भाई भले ही मरे, भाभी विधवा होनी चाहिए' की तर्ज पर दूसरे का सम्पूर्ण विनाश सोच लेता है। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजसेवी, राजसेवक बहुधा सुमंत के घर आते। वह अनेक समारोह में मुख्य अतिथि बन कर जाता यहाँ तक कि नगर के अनेक उत्सवों तक में नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की पंक्ति में होता। सुमंत उदार था। वह अर्जन के साथ विसर्जन की महत्ता भलीभांति समझता था। फल देने वाला वृक्ष किसे प्रिय नहीं होता। अरिष्टकेतु को यह कतई नहीं सुहाता कि उसकी दशा उसी के साथ पले-बढ़े मित्र के सामने ऐसी हो। इन्हीं विचारों के चलते अरिष्टकेतु के मस्तिष्क में एक भयानक योजना ने मूर्तरूप ले लिया।

एक बार अरिष्टकेतु सुमंत को नगर परकोटे से कुछ दूर घूमने के बहाने ले गया। दोनों बचपन में अक्सर यहाँ आते थे। बातें करते-करते सुमंत बचपन की स्मृतियों में खो गया एवं उसी समय अरिष्टकेतु ने कटार घोंपकर सुमंत का वध कर दिया। मरते-मरते सुमंत ने क्षणभर के लिए अरिष्टकेतु को देखा एवं फिर यह सोचकर आँखें मूंद ली कि अब दुनिया में देखने लायक क्या रह गया है ? अरिष्टकेतु ने बड़ी चतुराई से उसका शव वहीं गाड़ दिया एवं नगर आकर विलाप करते हुए सबको बताया कि सुमंत को एक चीता उठाकर ले गया। वह बहुत दूर उसके पीछे भागा, लेकिन चीता घनी पहाड़ियों में विलीन हो गया। पारिवारिक विश्वास के चलते थोड़े समय में उसने सुमंत के व्यवसाय पर भी आधिपत्य कर लिया एवं अब वह भी शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायियों में एक था।

इस घटना की सूचना राजा तक पहुँची एवं तफ्तीश करने पर भी कोई चिह्न न मिला तो राजा को दाल में काला लगा।

जिस नगर परकोटे की अगोचर शक्तियाँ रक्षा करती हो वहाँ यह पाप कैसे छिपता ?

एक दिन एक गडरिये ने आकर सेनापति को समाचार दिया कि वह अपनी मरी भेड़ गाड़ने के लिए एक स्थान खोद रहा था कि वहाँ उसे एक कंकाल एवं कुछ वस्त्र दिखे तथा उस कंकाल के समीप से यह दो अंगूठियाँ एवं कटार भी प्राप्त हुए हैं। सेनापति ने अंगूठियों एवं अन्य वस्तुओं की तफ्तीश करवाई तो यह स्पष्ट हो गया कि यह जघन्य अपराध अरिष्टकेतु ने किया है।

सेनापति उसे पकड़कर राजा के पास लाया एवं राजा को बताया कि किस तरह इस कृतघ्न ने इस पर उपकार करने वाले सज्जन मित्र की जघन्य हत्या की है। सेनापति ने दोनों की मित्रता का इतिहास राजा को बताया तो राजा के माथे पर बल पड़ गए। उसकी आँखें क्रोध से चमकने लगी, लेकिन वह संयत रहा। राजा उसे इस तरह एवं ऐसा दण्ड देना चाहता था जिसकी गूंज दूर तक जाए। राजा ने गौर से अरिष्टकेतु की ओर देखा। राजा ने अनेक अपराधी देखे थे। अरिष्टकेतु को देखकर वह ताड़ गया कि अरिष्टकेतु मूलत: सज्जन है, लेकिन लोभ एवं ईर्ष्या के वशीभूत उसने ऐसे जघन्य कृत्य को अंजाम दिया है। संभवत: इसने भी ऐसा घिनौना कृत्य करने की कल्पना नहीं की होगी। आँखों में परदा पड़ जाय तो इंसान क्या नहीं कर बैठता। अपराध फिर भी अपराध है एवं अपराधी को सजा मिलनी ही चाहिए। राजा सेनापति के निकट आया एव तेज आवाज में पूछा, ''सेनापति! तुम्हीं बताओ ऐसे कृतघ्न मित्रघाती को क्या दण्ड दिया जाय ?''

''राजन्! इसे बांधकर नगर के बाहर ऐसी जगह डलवा दिया जाय जहाँ माँसभक्षी पशु-पक्षी इसे नौंच-नौंच कर खा सकें। पक्षियों की तीखी चोंचें जब इसके बदन को आहत करेंगी तब इसे मित्र के उपकार एक-एक कर याद आएंगे।'' कहते-कहते रोष एवं आवेश के मारे सेनापति की आँखें लाल हो गई।

''लेकिन यह कैसे संभव है सेनापति ? क्या तुम नहीं जानतेज्ज.'' कहते-कहते राजा ने सेनापति की ओर इस तरह देखा मानो वो उसे कोई विशिष्ट संदेश देना चाहता हो।

चतुर सेनापति ने राजा के मन की थाह जान ली। वह राजा की आँखों के इशारे का गूढ़ार्थ भांप गया। कुछ रुककर बोला, ''राजन्! मैं क्या नहीं जानता ? मैंने कुछ गलत तो नहीं कह दिया ? क्या यह दण्ड ऐसे जघन्य अपराध के अनुकूल नहीं है ?''

''मैं तुम्हारे द्वारा बताये दण्ड को गलत नहीं कह रहा, पर संभवत: तुम नहीं जानतेज्ज'' कहते-कहते राजा कुछ क्षण के लिए रुक गया।

''राजन्! आप अपनी बात स्पष्ट करें।'' सेनापति बोला।

''सेनापति! क्या तुम नहीं जानते कि मेरे नगर के माँसभक्षी पशु-पक्षी कृतघ्न व्यक्ति का माँस नहीं खाते। इसने अपने परम उपकारी मित्र का वध किया है। ऐसे दुर्दान्त, मित्रघाती एवं निकृष्ट व्यक्ति का माँस खाकर वे अपनी गति क्यों बिगाड़ेंगे ? पशु-पक्षी भी किसी धर्म से बंधे होते हैं। इससे तो अच्छा यही होगा कि वे किसी सड़े-गले मरे जानवर का मांस खा लें, ऐसा करके वे एक महान पाप से बच जाएंगे।'' कहते-कहते राजा ने तीखी आँखों से अरिष्टकेतु की ओर देखा।

अरिष्टकेतु पर बिजली गिरी। राजा का एक-एक वाक्य अपमान का तीखा बाण बनकर उसकी आत्मा में धंस गया। वह नख-शिख पसीने से नहा गया। सुमंत का चेहरा उसकी आँखों के आगे होकर घूमने लगा। उसकी पराजित, ग्लानित, अपमानित आत्मा उसके आगे असंख्य प्रश्न लेकर खड़ी हो गई। रे नराधम! रे कृतघ्न! तुमने ऐसा क्यों किया ? सुमंत ने तुम्हें भिखारी से श्रेष्ठि बनाया पर तुमने क्या सिला दिया ? तुम्हारे विश्वास पर तो वह सब कुछ छोड़कर जनपद से नगर चला आया था ? हा मित्र! मैंने यह क्या कर डाला ? हा! हा! मैंने यह क्या कर डाला ? मैं इतना निकृष्ट क्यों कर हो गया ? राजन् ठीक ही कहते हैं कि मुझ पातकी का माँस माँसभक्षी पशु-पक्षी तक नहीं खाएंगे ? यही सोचते-सोचते उसका सर घूमने लगा, आँखों से गंगा-जमुना बह निकली, वह निश्चेष्ट हो गया तथा देखते ही देखते राजा एवं सेनापति के सामने जड़ से कटे वृक्ष की भांति नीचे गिरकर ढेर हो गया।

अरिष्टकेतु की मृत्यु के पश्चात् विस्मयविमुग्ध सेनापति ने राजा से पूछा, ''राजन्, आज आपने यह कैसा दण्ड दिया ? आपकी वह बात मैं पूरी तरह समझ नहीं पाया कि आपके नगर के माँसभक्षी पशु-पक्षी कृतघ्न मित्र का माँस नहीं खाते ? यह कैसे संभव है ? भला ऐसे पशु-पक्षी भी किसी को बख्शते हैं? उनका तो यही धर्म है। वे यह कहाँ सोच पाते हैं कि यह कृतज्ञ का माँस है अथवा कृतघ्न का ?''

इस बार राजा मुस्कुराया एवं सेनापति के कंधे पर हाथ रखते हुए बोला, ''तुम ठीक कहते हो पशु-पक्षी ऐसा नहीं सोच सकते, लेकिन मनुष्य तो ऐसा सोच सकता है कि उसने कितना जघन्य अपराध किया है ? भटके हुए सज्जन एवं क्रूर अपराधी के दण्ड में अंतर तो होना ही चाहिए। दण्ड अपराध के अनुरूप ही नहीं, अपराधी के अनुरूप भी हो। पशु भी एक लाठी से नहीं हाँके जाते। मनुष्य तो फिर प्रज्ञाचेतन जीव है। मैं चाहता था कि दण्ड के पूर्व अरिष्टकेतु आत्मचिंतन करे। उसका आत्मचिंतन ही उसका मृत्युदण्ड था।''

''मैं समझा नहीं राजन्!'' ऐसे अनूठे दण्ड को सुनकर सेनापति की आँखें फैल गई।

''सेनापति! कठोर मृत्युदण्ड की सजा तो जगत के दुर्जनों के लिए है, सज्जन तो अहसास मात्र से मर जाते हैं। अरिष्टकेतु के समक्ष मैं जो कुछ कह रहा था, वह तो मात्र उसका अहसास जगाने भर के लिए था।''

''राजन्! सचमुच आप न्यायविद् हैं।'' कहते-कहते सेनापति का गला भर आया।

# स्वाधीनता आंदोलन और साहित्य- हमारे जीवन मूल्य

■ सेवाराम त्रिपाठी

- पुस्तक. स्वाधीनता आन्दोलन और साहित्य
- सं. श्यामबाबू शर्मा
- प्रकाशक. अनुज्ञा बुक्स दिल्ली,
- मूल्य.799 रू
- रजनीगंधा 06. शिल्पी उपवन, अनंतपुर

स्वाधीनता से बढ़कर इस दुनिया में कोई चीज़ नहीं। स्वतंत्रता है तो सब कुछ है अन्यथा कुछ भी नहीं। पुस्तक का शीर्षक है. स्वाधीनता आंदोलन और साहित्य। इसे अनुज्ञा बुक्स दिल्ली ने प्रकाशित किया है। इसकी विधिवत योजना 16 मार्च 2022 को श्यामबाबू शर्मा ने बड़े उत्साह के साथ मुझसे साझा की थी। अपने तईं मैंने उनका हमेशा उत्साहवर्धन ही किया। वे बेहद उत्साही व्यक्ति हैं और उनकी सक्रियता ने हमें एक ठोस आधार और एक बड़ा नेटवर्क भी दिया है। वे संवाद पर अमल भी किया करते हैं। सक्रियता का आदान.प्रदान भी करते हैं। उन्होंने मुझे जो मान.सम्मान दिया है, वह सामान्य नहीं महत्वपूर्ण है। उन्होंने मेरी अनुशंसाओं को भलीभांति क्रियान्वित भी किया है। उसके बारे में क्या कहूं, सोचता हूं ऐसे आदमी भी इस मायावी महाबाज़ार में ढल रही दुनिया में मौजूद हैं। हम रिश्तों के विखंडन की त्रासदी भी झेल रहे हैं। खैर, यह एक अलग प्रश्न है।

सच मानिए, मैने अपने किसी मित्र को इस विषयक कभी कोई फ़ोन नहीं किया कि आपको लिखना है। सम्पादक को खुला छोड़ दिया था। यह भी आश्चर्य से कम नहीं है। मेरे मित्रों ने मेरे संदर्भ को इतनी अहमियत दी। इसका सचमुच गर्व है मुझे। लेकिन यह गर्व वाकई में हिंदू होने जैसा गर्व नहीं है। मैं अपने तईं एक चुप्पा किस्म का, एक अदना सा आदमी रहा हूं। अपनी आत्मा में ही बहता हूं। साहित्य में कभी कोई धूम.धड़ाका करने की कोशिश भी नहीं करता। 28 मार्च को मैंने उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित किया कि भारत की विविध भाषाओं में स्वाधीनता आंदोलन के अवदान को इसमें शामिल किया जाए तो बेहतर होगा। 4 अप्रैल को मैंने सुझाया कि मेरे मित्र और संस्कृत साहित्य के प्रकांड विद्वान प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी जी को इससे जोड़ा जाए और संस्कृत में स्वाधीनता आंदोलन के जो तमाम रूप रहे हैं उनसे निवेदन किया जाए कि उसे आलेख के रूप में प्रस्तुत करें। मैंने उन्हें त्रिपाठी जी का फोन नंबर उपलब्ध कराया और उनसे संपर्क करने को कहा। उसी तरह कन्नड़ भाषी मेरे मित्र हिंदी के विद्वान प्रो. धरणेंद्र कुरकुरी से अनुरोध करने के लिए कहा कि कन्नड भाषा में स्वाधीनता आंदोलन को आलेखित करें। 20 अप्रैल को मैंने अपने लिए भी विषय का चयन किया और कई दिक्कतों के बावजूद एक प्रतिज्ञा की तरह उस काम को पूरा किया। अग्रज रामकुमार कृषक जो छंद के भी ज्ञाता है और अत्यंत समझदार भी। सुधीर विद्यार्थी का नाम सुझाते हुए मैंने उन्हें बताया कि वे स्वाधीनता आंदोलन के क्रांतिकारी साहित्य के बारे में बेहतर तरीके से लिख सकते हैं। संपर्क सूत्र दे रहा हूं। बातें करें। एक बार ही उनसे लघुपत्रिका समन्वय समिति के आज़मगढ़ अधिवेशन में मिलना हुआ था। पांडेय शशिभूषण शीतांशु का भी नाम सुझाया। हालांकि एक बार ही उनसे मिला हूं बनारस में 1994में। उनसे भी मैंने आलेख लिखने के लिए कहने का अनुरोध किया। पूर्व में श्यामबाबू इस पुस्तक में कुछ लिखना नहीं चाहते थे। मैंने उन्हें समझाया कि आप ज़रूर लिखें। मैं मित्रों के नाम सुझाता गया, वे संपर्क करते रहे। कभी सफल हुए कभी असफल। कुछ और मित्रों. जानकारों के नाम सुझाए। जैसे अग्निशेखर और क्षमा कौल जी का। यह ठीक है कि अपनी विशेष व्यस्तताओं के कारण वे आलेख नहीं लिख सके। मैं सूत्र बताता गया और वे अपने उत्साह में अपनी कार्यविधि में उसे परिणत करते रहे।

इस किताब की विशेषता यही है कि हिंदुस्तानी भाषाओं में स्वाधीनता आंदोलन के सिलसिले में जो संघर्ष हुए हैं और साहित्य में उसे जिस तरह रेखांकित किया गया है। जिस प्रकार की उसकी विविध छवियां हैए उसे सामने लाया जाए। हिंदी, संस्कृत, मराठी, बांग्ला, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगू, असमिया, मणिपुरी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, कश्मीरी, उड़िया, संथाली जैसी भाषाओं को इसमें केंद्रित किया जा सका है। इस क़िताब में लोक साहित्य. संस्कृति, सिनेमा, नाटक, उपन्यास, कविता के साथ पत्रकारिता और उसमें स्वाधीनता आंदोलन के व्यापक परिप्रेक्ष्य को पहचानने का एक विनम्र प्रयास किया गया है। यह मार्च से लेकर जुलाई 22 तक की महत्वपूर्ण रचनायात्रा है। इन पाँच महीनों में जिस उत्साह, उमंग, लगन और श्रद्धा से सम्पादक और लेखक मित्रों ने काम को अंजाम दिया है। वह मेरी निगाह में बेमिसाल है। श्याम बाबू ने जो काम किया है उसी का प्रतिफल है यह क़िताब। इसमें स्वतंत्रता आंदोलन का संघर्ष और समर्पण तो है ही उसकी खुशबू और महत्व भी है।

> अभी तो हमें लोकबोलियों में स्वाधीनता आंदोलन, उसकी अवधारणा को और तमाम संघर्षों और जीवन मूल्यों और धाराओं को ढंग से खोजना है। उसमें लगातार परिवर्तन घटित होते रहे हैं। उसमें अभी भी बहुत कुछ छिपा है और यह सुखप्रद स्थिति है कि संकल्पनिष्ठ श्यामबाबू शर्मा शीघ्र ही इस वास्तविकता को आगे ले जाएंगे। यह जज़्बा अभी भी मौजूद है, स्वाधीनता आंदोलन केवल कुछ वर्षों की परिघटना नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए अनथक संघर्ष किए हैं। जब इस क़िताब की तैयारी चल रही थी ाउसी समय शर्मा जी को दो स्लिप डिस्क का आघात हुआ था। दिक्कतों के बाद भी वे बिना थमे, बिना रुके और अविचलित भाव से काम में लगे रहे।

स्वाधीनता आंदोलन में इस देश का प्रत्येक वर्ग शामिल रहा है। जीवन के इस व्यापक रूप में देश के सभी लोगों ने कंधा से कंधा मिलाकर गुलामी से मुक्ति के लिए यह दिलचस्प मारक और अमूल्य लड़ाई लड़ी है। अपने प्राणों की आहुतियां दी. युवा पीढ़ी को जानना होगा कि यह आज़ादी दीवानगी और संघर्ष से ही कमाई गई है। यह फालतू पड़ी हुई कोई वस्तु नहीं है। वे इसकी कीमत समझें और इसकी सुरक्षा के लिए कुछ उठा न रखें। जुनून नहीं तो आज़ादी नहीं। जुनून नहीं तो जीना नहीं। जुनून और समर्पण नहीं तो लेखन भी नहीं। वे गीत हमें आज भी प्रेरणा देते हैं।

आज़ादी के अमृत महोत्सव में उस जज्बे को जीवित और जीवंत रखें। आज़ादी कहीं पड़ी हुई नहीं मिलती। वह लोक कल्याण की असली धुरी है। वह बलिदान मांगती है। वह हमारी अस्मिता है। स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों से इसे हमें सीखना चाहिए। आज़ादी कायम है तो हम हैं। आज़ादी कायम नहीं तो हम भी नहीं हैं। वास्तव में यह सेंत-मेंत की दुनिया नहीं है । उसे लाना पड़ता है, निगरानी करनी पड़ती है और सतत कुर्बानी भी देनी पड़ती है। आज़ादी कोई सस्ती चीज़ नहीं है। यह अमूल्य होती है। इसका मूल्य वे जानते हैं जिन्होंने आज़ादी प्राप्ति के लिए गुलामी के खिलाफ़ लड़ाई लड़े थे और जो यह कठिन लड़ाई आज़ादी की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। हमें इसकी कदर करनी चाहिए। इसकी अवहेलना नहीं । भारतीय जीवन में इस दौर में अस्मिता की खोज और पहचान एक बेहद ज़रूरी मुद्दा है। भारत ने कभी भी नफ़रत फ़ैलाने का महासंग्राम नहीं लड़ा था। अवहेलना तो देखी थी, अब यह साक्षात हमारे सामने है। संभवत: इसीलिए स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों की सांसें फूल रही हैं। कभी प.जवाहर लाल नेहरू ने एक तथ्य की ओर हमारा ध्यान केंद्रित किया था कि मेरे भीतर पश्चिम और पूर्व का तनाव है, मेरे भीतर प्राचीन और आधुनिकता का तनाव है। इस मार्के की बात को हमें निरंतर अनुभव करते रहना होगा। इसमें स्वतंत्रता की वास्तविकता के बीज निहित हैं। इसी से हम वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। स्वाधीनता की लौ मद्धिम पड़ती जा रही है। उसके कारकों को लगातार खोजना होगा।

अभी तो हमें लोकबोलियों में स्वाधीनता आंदोलन, उसकी अवधारणा को और तमाम संघर्षों और जीवन मूल्यों और धाराओं को ढंग से खोजना है। उसमें लगातार परिवर्तन घटित होते रहे हैं। उसमें अभी भी बहुत कुछ छिपा है और यह सुखप्रद स्थिति है कि संकल्पनिष्ठ श्यामबाबू शर्मा शीघ्र ही इस वास्तविकता को आगे ले जाएंगे। यह जज़्बा अभी भी मौजूद है, स्वाधीनता आंदोलन केवल कुछ वर्षों की परिघटना नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए अनथक संघर्ष किए हैं। जब इस क़िताब की तैयारी चल रही थी ाउसी समय शर्मा जी को दो स्लिप डिस्क का आघात हुआ था। दिक्कतों के बाद भी वे बिना थमे, बिना रुके और अविचलित भाव से काम में लगे रहे।

लोक बोलियों के साहित्य में वह वाचिक हो या गैरवाचिक यानी लिखित, वह हमारी वार्ताओं में रहा हो या यूं ही अन्य किसी माध्यमों में, कुछ लोगों के अवदान हमारे खोजने, खंगालने के बावजूद इतनी जल्दी में मिल नहीं पाए। एक कसक रह. रह कर टीस रही है कि उर्दू, अरबी, फारसी और अन्य भाषाओं को तत्काल हम रेखांकित नहीं कर पाए। उस दौर में कितना साहित्य जब्त किया गया था। उसे भी परिश्रम से खोजना और हर हाल में पाना यानी उपलब्ध करना है। यह आसान काम नहीं है बल्कि बेहद गंभीर और मुश्किल है। क्योंकि आज की तरह हमारे पूर्व समयों में स्वाधीनता आंदोलन की लड़ाइयां नाम कमाने के लिए यश प्राप्ति के लिए और किसी तरह के लाभ. लोभ के लिए नहीं लड़ी जाती थीं, जो इस दौर में अभूतपूर्व प्रशंसा के रूप में विकसित हुआ है। साथ ही अपने आपको चमकाने के रूप में संपन्न हो रहा है। स्वतंत्रता हमारा जीवन मूल्य भी होती है।

मौन आराधना भी है और उसको सुरक्षित रखना हमारे जिंदा रहने से ज्यादा ज़रूरी है। यह अमृत महोत्सव हमें आज़ादी के जश्न मनाने का जितना अवसर देता है। उससे कहीं ज्यादा उसको नए सिरे से पहचानने और पुनर्विचार करने का दायित्व भी सौंपता है। देखना यह है कि यदि हम अपनी सामासिकता, बहु आयामिता को नहीं बचा पाए और वह नफ़रत, क्रूरता, निर्लज्जता की भेंट चढ़ गई तो हमारे पुरखों का किया धरा अर्थहीन हो सकता हैघ। इधर बढ़ती कॉरीडोर संस्कृति ने दिखावे के जलसों ने आत्माओं तक को छलनी करना शुरू कर दिया है। अभी तो कहने को बहुत कुछ है और सहने को बहुत कुछ है। स्वतंत्रता के तमाम बिखरे सूत्रों को उसके विविध रंगों, सपनों और यथार्थ को विस्तार से समझने की ज़रूरत है। उसकी असलियत जड़ों, संस्कृति और लोकबोलियों के आयामों को विराट संदर्भों में टटोलने, सहेजने का भगीरथ प्रयास करना है और उसके लिए गंभीर जतन भी करना हैघ। ये बहुत उलझा हुआ सा मामला है। ठीक-ठीक कहा नहीं जा सकता कि कितना उसे कर पाएंगे। क्योंकि यह तो समय, परिस्थितियों और हमारी कार्यविधि में ही निर्णय हो पाएगा।

# पहली पंक्ति के नेता

■ भूपेन्द्र भारतीय

वे बचपन से पहली पंक्ति के नेता रहे है। अपने पिताजी के पिताजी के समय से पहली पंक्ति वाली राजनीति में रहे। बचपन में अपने दादाजी के साथ पहली पंक्ति में बैठते थे। पाँच दशक से उन्हें कोई पहली पंक्ति से उठा नहीं पाया। हर राजनीतिक आयोजन में उनके लिए पहली पंक्ति में सीट आरक्षित रही है। मजाल की वे अपने क्षेत्र व पंक्ति से टस से मस हुए हो ! ना उन्हें कोई पहली पंक्ति से दूसरे पंक्ति में धकेल सका। आखिर नेतागिरी उनके बापदादा की जागीर जो ठहरीं। वे जन्मजात नेता जो ठहरे।

लेकिन इस सोशल मीडिया रूपी घोर कलयुग ने उनसे उनकी यह विरासत छीन ली। क्या जमाना आ गया ! युवाओं को अवसर देने के नाम पर उनके साथ राजनीति का सबसे बड़ा छल किया गया। उन्हें राजनीति में अग्रणी से सीधे बैकबेंचर बना दिया। पहली पंक्ति से सीधे राजनीति के कोपभवन में।

लोकतंत्र नाम के खंभे ने उनकी नींव हिला दी। प्रजातंत्र ने उनसे उनकी जागीरी छीन ली। कहाँ तो हाईकमान ने अच्छे दिनों का वादा किया था और ऊपर से ये दिन देखने पड़ेंगे । उनकी राजनीति चाँद से सीधे उनकी गली में आ गई। अब गली का बुजुर्ग मतदाता भी उन्हें नहीं पूछ रहा है। युवा मतदाता उनकी राजनीति से परिचित ही नहीं है। वह तो उन्हें नेता ही नहीं मानते। भला बड़ी कार व चेले-चपाटों के बगैर कोई नेता हो सकता है ? अब पहली पंक्ति के नेता की परिभाषा बदल चुकी है।

क्या दौर था जब वे पहली पंक्ति के नेता थे। उनके एक इशारे पर पूरा क्षेत्र एकतरफा मतदान करता था। उनका दल उनके लिए हर समय रेड कार्पेट बिछाकर रखता था और अब देखो तो उन्हें टाटपट्टी तक नसीब नहीं हो रही है। उम्र के अंतिम पड़ाव पर बैकबेंचर बना दिया। वे जब पहली पंक्ति के नेता थे तो क्षेत्र में उनकी तूती बोलती थी। मजाल की हाइकमान उनसे बगैर पूछे कोई निर्णय ले सके। बड़े बड़े नेताओं की टिकट उनकी जेब में पड़ी रहती थी। ओर अब ये स्थिति है कि उनका ही टिकट कट गया है। पहली पंक्ति में आने के लिए राजधानी के चक्कर लगा रहे है। कहाँ तो अपने समय में वे स्वयं टिकट बांटते थे और अब उनकी टिकट के लाले पड़े हैं।

क्या समय आ गया है, अब उन्हें कोई नहीं पूछ रहा है। वर्तमान में पहली पंक्ति के नेता तो छोड़ो, उन्हें तो उनके ही समय के वरिष्ठ नेता तक नहीं पूछ रहे हैं। वह भी क्या दौर था, जब वे पहली पंक्ति के नेता थे। सुबह से उनके घर पर ही कार्यकर्ताओं का ताँता लग जाता था। उनके परिवार के सदस्य उनका बहुत सम्मान करते थे। पहली पंक्ति के नेता होने के कारण परिवार के लोगों का भी उनके क्षेत्र में बहुत सम्मान था। छोटेमोटे काम स्वत: ही हो जाते थे। लेकिन अब परिवार के सदस्यों को भी कोई नहीं पूछ रहा है। पड़ोसी तक उन्हें नहीं पूछते। राजनीतिक चर्चाएं अब उनके परिवार में नहीं होती हैं। परिवार में कोई राजनीति की बात भी करता है तो सब उसे पागल समझकर आगे बढ़ जाते हैं।

अपने समय में वे अपने दल के पहली पंक्ति के नेता के साथ ही अग्रणी वक्ता भी थे। वे अग्रणी वक्ता आज भी है, लेकिन अब उन्हें उनका ही दल याद नहीं करता। नये कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण तक में उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाता है। सोशल मीडिया की राजनीति के समय में उनके हाथ में ना मंच है ओर ना ही माईक। पहली पंक्ति के नेता इस स्थिति में अब अपनी राजनीति चमकाने के लिए विपक्ष की भूमिका में आ गए हैं। उन्हें लगता है कि शायद विपक्ष की भूमिका में आकर वे फिर से पहली पंक्ति के नेता का गौरव प्राप्त कर सकते हैं...!!

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार–समाचार

### अभ्यर्थियों के शपथ पत्र वेबसाइट पर होंगे प्रदर्शित

**रायसेन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन–2023 के लिए नाम निर्देशन पत्र भरे जाने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है। विधानसभा निर्वाचन में अभ्यर्थियों द्वारा भरे जाने वाले नाम निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र फार्म 26 का आयोग के निर्देशानुसार चिन्हित स्थानों एवं वेबसाइट में प्रदर्शित किया जायेगा। शपथ पत्र को ceo-madhyapradesh.nic.in की वेबसाइट में affidavits लिंक में जाकर देखा जा सकता है।

### जिले की चारों विधानसभाओं में नाम निर्देशन के पहले दिन प्राप्त नहीं हुए नामांकन

**रायसेन, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मप्र विधानसभा निर्वाचन–2023 कार्यक्रम अनुसार 21 अक्टूबर 2023 को रायसेन जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विहित स्थानों में निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन कर नाम निर्देशन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक प्रारंभ की जा चुकी है। नाम निर्देशन पत्र 140–उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बरेली न्यायालय कक्ष, 141–भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज के न्यायालय कक्ष, 142–सांची विधानसभा क्षेत्र में न्यायालय अपर कलेक्टर रायसेन तथा 143–सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कक्ष क्रमांक–04 में दिनांक 21 अक्टूबर, 23 अक्टूबर, 25 अक्टूबर, 26 अक्टूबर, 27 अक्टूबर और 30 अक्टूबर 2023 को जमा किया जाना है। दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को रायसेन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं।

### जिले में गरबा आयोजनों में भी मतदाता जागरूकता का दिया जा रहा संदेश

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में विधानसभा निर्वाचन–2023 में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देषानुसार स्वीप प्लान के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नवरात्रि महोत्सव अंतर्गत गरबा आयोजनों में भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। गत दिवस सिलवानी जनपद पंचायत प्रांगण में स्वीप गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता कर मतदाता जागरूकता का संदेष दिया। साथ ही जिले के सभी मतदाताओं से भी विधानसभा निर्वाचन–2023 में अनिवार्य मतदान की अपील की गई।

### जिला बदर अपराधी बंदर को किया सीमा से बाहर बंदर

**मुरैना, देशबन्धु।** स्टेशन रोड थाना पुलिस द्वारा शनिवार को एक और जिला बदर अपराधी को मुरैना जिले की सीमा से बाहर का रास्ता दिखाया गया है और उसे हिदायत दी गई है कि सीमित अवधि तक जिले में नहीं दिखना चाहिए।

मुरैना जिले में ऐसे अपराधी जिन पर दो या दो से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं। आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं, उनके विरूद्ध जिलाबदर, एन.एस.ए. की कार्यवाही किये जाने हेतु समस्त थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के तहत राजकुमारी परमार थाना प्रभारी स्टेशन रोड द्वारा थाना क्षेत्र के आदतन अपराधी अवधेश उर्फ बंदर पुत्र अशोक तोमर उम्र 40 वर्ष निवासी दीक्षित वाली गली रामनगर मुरैना का जिलाबदर प्रस्ताव कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मुरैना के कार्यालय में पेश किया गया। कलेक्टर मुरैना द्वारा आदतन अपराधी अवधेश उर्फ बंदर पुत्र अशोक तोमर को 01 वर्ष के लिए जिला मुरैना, ग्वालियर, श्योपुर, भिण्ड व शिवपुरी जिले की सीमा से बाहर करते हुए जिलाबदर का अंतिम आदेश पारित किया गया। उक्त आदेश के पालन में थाना स्टेशन रोड पुलिस द्वारा आदतन अपराधी को समझाईश देकर जिला धौलपुर राजस्थान की सीमा में छोड़ दिया गया है। उक्त आदतन अपराधी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में कुल 17 अपराध पूर्व से थाना स्टेशन रोड पर पंजीबद्ध हैं।

# रंगोली बना दिया मतदान का संदेश, मतदान से सशक्त होगा लोकतंत्र : त्यागी



**सिरोंज, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना केडीबीएम महाविद्यालय इकाई द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से लोगों को घरों से निकलकर मतदान करने व मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में स्वयंसेवको ने मतदाता रंगोली बनाई।केडीबीएम डायरेक्टर श्वेता आनंद त्यागी ने सन्देश देते हुए कहा मतदान हमारे देश में किसी उत्सव से कम नहीं है। भारत एक लोकतान्त्रिक देश है, जहाँ हर एक नागरिक को अपनी राय देने का अधिकार है। वह स्वतंत्र होकर देश के लिए जिम्मेदार प्रतिनिधि का चयन कर सकते है। प्रत्येक नागरिक का फ़र्ज़ बनता है कि वह अपनी जिम्मेदारी को समझकर सही से मतदान करे। प्रत्येक नागरिक को अपनी समझदारी और सूझ बूझ के साथ मत देना चाहिए।

नागरिक को अपने जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिए और मतदान को गम्भीरतापूर्वक लेना चाहिए। मतदान ही निर्धारित करता है कि देश का शासन कौन चलाएगा? देश का नागरिक मतदान देकर अपने कर्त्तव्य को निभाता है। देश के नागरिक का धर्म है कि वह मतदान में हिस्सा ले और किसी ईमानदार प्रतिनिधि को चुने, जो देश का विकास कर सके। यह हम देशवासियों के हाथ में होता है कि हम किस तरह की सरकार चाहते है। केडीबीएम प्राचार्य शान्ताराम मराठा ने बताया मतदान लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. भारत में ऐसी कई प्रकार की चीजें है जो मतदान से तय की जाती है मतदान का प्रयोग कर हम अपना प्रतिनिधि चुनते हैं, जो हमारे लिए तथा देश के विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य कर सके।

लोकतंत्र में हर व्यक्ति का महत्व है और हर व्यक्ति को अपना कर्तव्य समझते हुए मत का प्रयोग करना चाहिए. स्वतंत्रता का सबसे बेहतरीन तोहफा हमें मताधिकार के रूप में मिला है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने कहा मतदान के लिए प्रत्येक मतदाता को जागरूक होना चाहिए ताकि वो अपने कीमती वोट सही उम्मीदवार को देकर भारत के विकास में अपना योगदान दे सके। कार्यक्रम में शिक्षक भागीरथ पटेल,सिमरन रघुवंशी, रचित विश्वकर्मा, सरिता, राजकुमार स्वयंसेवक नीलम कुशवाह, राजकुमारी, आरती, पूजा, भागवती, अभिषेक, अरविंद आदि छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

नवरात्रों में अवगुणों का त्याग ही सच्ची देवी उपासना

# माँ शक्तियों का सृजन करने वाली : चेतन्य

**गैरतगंज, देशबन्धु।** नवरात्रों के पावन दिनों में हम अपने अवगुणों को त्यागकर सद्गुणों की प्राप्ति ही सच्ची देवी उपासना है। माँ शक्तियों का सृजन करने वाली है हम अपने मन और शरीर को जितना शुद्ध रखेंगे देवी माँ उतनी शक्ति हमे देगी। और हम परमात्मा से सीधे जुड़ जाएंगे।

यह बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र गैरतगंज में नवरात्रि के पावन पर्व के शुभारंभ मौके पर ब्रह्मकुमारी ज्योति दीदी ने कही। इस मौके पर सेंटर पर चैतन्य देवियों की झाँकी सजाई गई। जिसमें सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने चैतन्य झाँकी के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि नवरात्रि के समय हम देवियों का आह्वान करते है, कि वो हमारे जीवन में सुख ,समृद्धि, धन – धान्य का वरदान दे। इसलिए पूरे भक्ति भाव के साथ माँ के प्रति आस्था और विश्वास रख के कठोर व्रत, तप और भक्ति करते है, अनेक प्रकार की प्रतिज्ञाएं जैसे – नौ दिन व्रत रखना, जूते– चप्पल का त्याग करना, साथ ही सरें



भर कर दर्शन करने जाना, पैदल यात्राएँ और न जाने कितने भक्ति भाव रख माँ को प्रसन्न करने का प्रयास करते है। माँ शक्ति का सृजन करने वाली है ,जो हमारे अंदर की बुराइयों और विकारों को नाश करने वाली है। सभी देवियां किसी न किसी गुण को धारण करने का और बुराई को दूर करने का संदेश देती है। इसलिए देवियों के सिर्फ वंदना न करे बल्कि उनके आचरण को जीवन में लाएं तभी सच्ची नवरात्रि होगी। इस अवसर पर संस्था से जुड़े हुए समस्त भाई–बहन उपस्थित रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर गिरीश गौतम ने कहा-

# स्वास्थ्य मंत्री रहते डॉक्टर चौधरी ने धरातल पर नहीं किया काम घोषणा वीर बने रहे



**रायसेन,देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सांची मार्ग स्थित होटल अमोघ में सांची विधानसभा क्षेत्र के नव घोषित कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर गिरीश गौतम को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, कांग्रेस प्रत्याशी श्री गौतम पत्रकारों से रूबरू होते हुए कुछ प्रश्नों के उत्तर उन्होंने सटीक दिए तो कुछ प्रश्नों के उत्तर देने में उलझे नजर आए।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी गिरीस गौतम ने बताया कि सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक और प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र में देखा जाए तो धरातल पर रहकर काम नहीं किया है कई स्थानों पर कई स्थानों पर पुल निर्माण नहीं कराए तो कहीं पुलिया निर्माण नहीं सेवासनी मार्ग और ऐसे कई गांव के रास्ते हैं जहां बड़े–बड़े गड्ढे बन रहे हैं जमनिया गांव में भी रोड का निर्माण नहीं होने से वहां ग्रामीण आना–जाना नहीं कर पा रहे हैं कुल मिलाकर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर चौधरी घोषणा वीर रहे उन्होंने करोड़ों की घोषणाएं ऐसे ही कर डाली परंतु धरातल पर आप जाकर देखोगे तो सांची क्षेत्र का कुछ भी विकास नहीं है। इसी प्रकार से सांची क्षेत्र में स्वास्थ सुविधाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है, मरीज उपचार के लिए परेशान होते हैं भोपाल में लोगों को उपचार कराना पड़ता है। उनसे यह पूछने पर की सांची विधानसभा क्षेत्र से आप कांग्रेस प्रत्याशी हैं यदि विधायक बनते हैं तो आपकी क्या प्राथमिकता होगी इसके जवाब में डॉक्टर गौतम ने बताया कि मैं सबसे पहले स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारूंगा इसके पश्चात सांची क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराऊंगा और इस क्षेत्र को मध्य प्रदेश में एक अलग ही पहचान दिलाऊंगा । उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ो स्थान पर निशुल्क शिविर लगाकर ग्रामीण भाई बहनों की सेवा की है, उनका मुझे अवश्य आशीर्वाद मिलेगा। मैं किसी भी कीमत पर सांची क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान, कांग्रेस नेता नारायण सिंह ठाकुर, मनोज अग्रवाल, हकीमुद्दीन मंसूरी, जावेद अहमद, फजल भाई, पूर्व सरपंच अकरम भाई, संतोष शर्मा आदि अनेक कांग्रेसी नेता भी इस मौके पर मौजूद रहे।

# शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि



**हरदा, देशबन्धु।** 64 वे पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर हरदा की पुलिस लाइन में कलेक्टर ऋषि गर्ग, पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन, विशेष न्यायाधीश अनूप त्रिपाठी ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर पुलिस के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप राठौर, जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया और अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गोड़ा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री गर्ग और पुलिस अधीक्षक श्री कंचन ने शहीदों के परिवारजनों को शॉल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक श्री कंचन ने इस अवसर पर गत एक वर्ष में देश में शहीद हुए पुलिसकर्मियों की नामावली का वाचन किया । उन्होंने बताया कि देशभर में गत 1 वर्ष में 188 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं, जिनमें से 17 शहीद पुलिसकर्मी मध्य प्रदेश के शामिल है।

# भाजपा की सूची में जौरा से सूबेदार, अंबाह से कमलेश का टिकट यथावत




**मुरैना, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार की दोपहर एक और सूची जारी कर दी गई, जिसमें मुरैना जिले की दो विधानसभा सीट जोरा एवं अंबाह से प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। भाजपा ने दोनों वर्तमान विधायकों पर ही भरोसा जताया है और उनके टिकट को यथावत रखा है। भारतीय जनता पार्टी हाई कमान के लिए राहत की बात यह रही कि इन दोनों ही जगह पर दूसरा कोई कैंडिडेट उम्मीदवार नहीं था और विरोध का कहीं कोई नाम निशान नहीं है।

उल्लेखनीय है कि जौरा विधानसभा ऐसा क्षेत्र है जहां भाजपा के लिए सूखा पड़ा हुआ था। वर्ष 2013 के चुनाव में भाजपा ने इस सीट से सूबेदार सिंह सिकरवार को टिकट दिया और मुख्यमंत्री ने पूरी कैबिनेट लाने की बात कही, इसके बाद जौरा की जनता ने पहली बार भाजपा के प्रत्याशी को जिताया। वर्ष 2018 के चुनाव में जनता ने दूसरी बार प्रत्याशी बनकर आए सूबेदार को खारिज कर दिया और बनवारी लाल को चुनाव जीता दिया। 15 महीने की कमलनाथ सरकार को कांग्रेस के नेता सिंधिया ने बागी विधायकों के साथ मिलकर पलट दिया और भाजपा में चले गए। वर्ष 2020 में उपचुनाव हुआ जिसमें कांग्रेस की ओर से पंकज उपाध्याय चुनाव लड़े और वह सूबेदार से हार गए। इस बार भी सूबेदार सिंह का क्षेत्र में काफी विरोध देखने को मिला, लेकिन पार्टी ने एक बार फिर अपना भरोसा उन पर दिखाया है, अब देखना आया है कि सूबेदार पार्टी की उम्मीद पर कितना खरा उतरते हैं, वहीं कांग्रेस से एक बार फिर पंकज उपाध्याय मैदान में है और इस बार हवा का रुख कुछ और ही कह रहा है।

इधर जिले की अंबाह विधानसभा में वर्तमान विधायक कमलेश जाटव पहली बार वर्ष 2018 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत गए। कमलेश जाटव सिंधिया समर्थक थे और वह सिंधिया के साथ भाजपा में चले गए। वर्ष 2020 के उपचुनाव में कमलेश जाटव एक बार फिर से चुनाव जीत गए और वर्तमान विधायक हैं। अंबाह विधानसभा में उम्मीदवारी तो कई कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने कमलेश जाटव पर ही विश्वास जताया है। इस विधानसभा से कांग्रेस ने नए चेहरे देवेंद्र सखवार को मैदान में उतारा है। अब देखना यह है कि अंबाह विधानसभा क्षेत्र की जनता कमलेश जाटव को तीसरी बार विजय श्री दिलाती है अथवा अपना नया नेता चुनेगी।

### लोडिंग वाहन से मिलावटी केक व बर्फी के 50 पैकेट बरामद, खाद्य विभाग ने सैंपल जांच को भेजे

**मुरैना।** शनिवार की दोपहर एडिशनल कलेक्टर के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्वालियर की ओर जा रहे एक लोडिंग वाहन को पकड़ लिया, जिसमें मिलावटी केक एवं बर्फी के पैकेट भरे हुए थे। खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सैंपल भर लिए हैं और उन्हें जांच के लिए भेज दिया गया है।

बताया जाता है कि एडिशनल कलेक्टर सीबी प्रसाद को सूचना मिली कि एक लोडिंग वाहन धौलपुर से ग्वालियर की ओर जा रहा है, जिसमें मिलावटी केक एवं बर्फी के पैकेट भरे हुए हैं। उक्त सूचना पर उन्होंने यातायात थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए, जिस पर से पुलिस टीम ने बैरियर चौराहा के पास उक्त वाहन को रोक लिया और थाने ले आए। यातायात प्रभारी ने खाद्य औषधि निरीक्षक श्रीमती किरण सेंगर को टीम सहित मौके पर बुलाया और दोनों वस्तुओं के सैंपल ले लिए गए। श्रीमती सेंगर ने बताया कि सभी सैंपल जांच के लिए भेज दिए गए हैं तथा जांच आने के बाद मिलावट पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए माल की कीमत लगभग 5 लाख रुपए बताई गई है। कार्यवाही में खाद्य निरीक्षक अनिल परिहार भी साथ में थे।

सिरोंज में कांग्रेस प्रत्याशी रघुवंशी का विरोध

# त्यागी ने निर्दलीय चुनाव में उतरने का निर्णय लिया



**सिरोंज, देशबन्धु।** कांग्रेस का टिकट घोषित होते ही उठापटक शुरू हो गई है। कॉंग्रेस ने गगनेन्द्र रघुवंशी को सिरोंज विधानसभा से टिकट दिया है। जिसके विरोध में टिकट के अन्य प्रबल दावेदार अशोक त्यागी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। उन्होंने आज अपने समर्थकों के साथ तहसील कार्यालय जाकर नामांकन फार्म खरीदा। अशोक त्यागी के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी अनीस नेता भी थे।

### 2018 में मिला था अशोक को टिकट

पिछले चुनाव में अशोक त्यागी को कॉंग्रेस से टिकट मिल गया था। उन्होंने पूरी तैयारी कर ली और प्रचार सामग्री भी मंगा ली गई। मगर एन मौके पर उनका टिकट काट कर मसर्रत शाहिद को टिकट दिया गया जो भाजपा के उमाकांत शर्मा से 34734 वोट से हार गई। इस बार अशोक त्यागी पूर्ण रूप से आश्वस्त थे कि टिकट उनको ही मिलेगा, लेकिन कॉंग्रेस ने गगनेन्द्र रघुवंशी को टिकट दिया।

# एच पी स्कूल में डांडिया एवं गरबा रास कार्यक्रम आयोजित



**गैरतगंज, देशबन्धु।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एच पी पब्लिक हाई सेकंडरी स्कूल में शनिवार को नवरात्रि के अवसर पर डांडिया एवं गरबा रास का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के संचालक सुभाष श्रीवास्तव स्कूल प्राचार्य नीलम श्रीवास्तव सहायक प्राचार्य सुनीता मुंडेपी ,विनोद रजक ने विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्ज्वलन से किया, तत्पश्चात स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित सभी का स्वागत अभिनन्दन किया । इस कार्यक्रम में छात्रों नें जय जय हे महिषासुर मर्दिनि स्तुति गीत से सुन्दर प्रस्तुत दी 7 छात्रों द्वारा भिन्न–भिन्न गीतों पर गरबा व डांडिया नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति की गई साथ ही ग्रुप गरबा डांस का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चो ने बड़े ही उत्साह पूर्वक आनन्द उठाया ।गरवा रास प्रभारी मंजू धाकड़ ,हर्षिता मिश्रा समीक्षा ठाकुर, अंजली साहू, नैंसी जैन,सलोनी सेन, प्रतीक्षा राजपूत राजीव गट्टानी सहित पूरी टीम ने सभी का आभर व्यक्त किया।

### अवैध हथियार के साथ स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की नगरा थाना पुलिस ने वारदात की नीयत से हथियार लेकर घूम रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना नगरा में पदस्थ प्र. आर. अजीत सिहं गौर को मुखबिर से सूचना मिली कि अटेर पोरसा रोड ग्राम कीचौल तिराहे के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर बारदात की नियत से घूम रहा है। उक्त सूचना पर कार्यवाही हेतु अजीत गौर द्वारा थाना प्रभारी नगरा अविनाश सिंह राठौड को अवगत कराया। पुलिस टीम ने तत्काल कीचौल तिराहे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर का देशी कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड जप्त किया है। उक्त आरोपी माननीय न्यायालय जेएमएफसी अम्बाह के प्रकरण क्रमांक 712/23 में फरार स्थाई वारंटी भी है, जिसके विरुद्ध थाना नगरा में अप.क्र. 171/23 धारा 25/27 आयुद्ध अधि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# महिलाओं से आशीर्वाद लेकर चुनावी दौरे पर निकले भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा

**सिरोंज, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने शनिवार से अपना चुनावी जनसंपर्क दौरा शुरू किया। अपने चुनावी दौरे की शुरुआत उन्होंने देवपुर रोड़ पर रहने वाले बंजारा समाज के परिवारों के बीच से की। इसके पहले उमाकांत शर्मा ने ग्राम देवपुर पहुँच कर बाबा विश्वनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद भी लिया।

शुक्रवार को भाजपा के समर्थन में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की लटेरी में हुई विशाल आमसभा के बाद से ही क्षेत्र में भाजपा का माहौल दिखाई देने लगा है। शनिवार को एक दर्जरन गाँवों के दौरे पर निकले भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने सबसे पहले बंजारा समाज की महिलाओं से आशीर्वाद लिया। अपने जनसंपर्क के दौरान बंजारा



समाज सहित सभी ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद दुरंग में ग्रामीणों के बीच ग्रामीणजन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सबके कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं के माध्यम से जीवन स्तर को उन्नत करने का काम किया है अब फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है पहले जरा सी भूल के कारण लक्ष्मीकांत जी चुनाव हारे थे और उनके हारने से क्षेत्र की तकदीर चुनाव हारी थी।

कांग्रेस की निक्मी सरकार के पंद्रह महीने इसके बाद कोरोना संकट से उबरने के बाद हमने क्षेत्र का भरपूर विकास करने का काम किया है। ओर जो रह गए है उनको चुनाव बाद करवाने का विश्वास भी दिलाता हूँ तथा आपके इसी विश्वास और जनसमर्थन की बदौलत ही आज फिर से चुनावी मैदान में हूँ। इस दौरान उन्होंने गेहूँखेड़ी, कंसी, बांसखेड़ी अस्पाल, कुंदनखेड़ी, पिपलिया हाट,सबदलपुर, रामनगर, सरेखों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी, जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह दाँगी,लेखराज राजपूत, अमित शर्मा सहित सेक्टर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### दुनावा में सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को अज्ञात बाइक चालक ने मारी टक्कर

**मुलताई।** छिंदवाड़ा मार्ग पर स्थित ग्राम दुनावा में शनिवार दोपहर में सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को एक अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते वह घायल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम मयावाडी निवासी संपत पुत्र सीडू उईके उम्र 50 वर्ष जो की ग्राम दुनावा में लोहे सीमेंट की दुकान पर काम करता है, वह सड़क क्रॉस कर रहा था, कि तभी अचानक उसे मुलताई से छिंदवाड़ा की ओर जा रही एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गिरकर घायल हो गया। बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल बुजुर्ग को 1033 एनएचएआई एंबुलेंस के माध्यम से पायलट रविंद्र खंडारे और ईएमटी अरविंद कोलारे ने मुलताई के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया।

### शैलेन्द्र राठौर बने आमला सारनी चुनाव प्रभारी

**आमला, देशबन्धु।** कुछ दिनों बाद मध्य प्रदेश में विधान सभा चुनाव होने वाले हैं जिसके चलते भाजपा



द्वारा कार्यकराओ को पद नियुक्त किए गए हैं इस बार भाजपा सभी विधान सभा में अपनी जगह बना ने के लिए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि इस बार कांग्रेस मुक्त मध्य प्रदेश बनाना है और भाजपा को लाना है। वही युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र राठौर को विधान सभा प्रभारी पद मिलने के बाद आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार भाजपा भारी मतों से जीत हासिल करेंगी और मध्य प्रदेश को कांग्रेस मुक्त बनाएंगे।

### खेत में सोयाबीन उठा रहे बुजुर्ग की बिना मुंडेर के कुए में गिरने से हुई मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम चिचखेड़ा में शुक्रवार की शाम खेत में काम कर रहे बुजुर्ग की कुए में गिरकर डूबने से मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि मासोद चौकी के ग्राम चिचखेड़ा निवासी कल्लू बाई सुर्यवंशी 55 ने थाने में सूचना दी उसके पति भाऊ लाल सुर्यवंशी 60 साल शुक्रवार की सुबह खेत पर काम कर रहे थे। जिन्हें आखों में कम दिखाई देता था। जो कि शाम 4.30 बजे खेत मे गेंहू के ठेमले उठा रहे थे। इस दौरान अचानक खेत मे स्थित कुए में गिर गए। जिससे भाऊलाल कि मौत हो गई है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### परिवार परामर्श में आठ प्रकरणों की हुई सुनवाई, एक में हुआ समझौता

मुलताई। पुलिस थाने में शनिवार परिवार परामर्श केंद्र में कुल आठ प्रकरणों की सुनवाई काउंसलरों द्वारा की गई। सभी आठ प्रकरणों में सुनवाई के उपरांत एक प्रकरण में समझौता संपन्न हुआ। बाकी प्रकरणों में एक पक्ष के ना आने तथा दोनों पक्षों में सहमति न बनने के चलते अगली तारीख पर उपस्थित होने के लिए कहा गया। परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर एमके वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक प्रकरण में दंपति का विवाह 5 वर्ष पूर्व हुआ था, दंपति के एक पुत्र एवं एक पुत्री भी है, दोनों संयुक्त परिवार के सदस्य है। दोनों के मध्य अनबन का कारण पति का शराब पीना रहा। महिला ने अपने पति को सुधारने के लिए चार-पांच मौके भी दिए, महिला को पति पर विश्वास हो गया कि मेरे पति सुधरने वाले नहीं है। किंतु समझौता के पूर्व की पेशी में पति द्वारा लिखित में दिया गया कि मैं आगे से शराब पीना छोड़ दूंगा, पत्नी को खर्च के लिए प्रति माह पैसे भी दूंगा, जिस पर काउंसलर द्वारा दोनों पक्षों को समझाइए दी गई, जिस पर दोनों में रजामंदी हो गई। परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर श्रीमती कल्पना भार्गव, श्रीमती मीना मानकर, श्रीमती मंदाकिनी बारस्कर, एमके वर्मा, प्रदीप देशमुख, श्रीमती सुषमा चंदेल एवं श्रीमती सोनू परमार प्रधान आरक्षक की सक्रिय भूमिका एवं सहयोग रहा।

## कमलनाथ से मिले 5 सैकड़ा से अधिक समर्थक, मनोज ही जीत सकते है चुनाव



**आमला, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी की दूसरी सूची में नाम नही आने पर आमला विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के प्रमुख दावेदार मनोज मालवे के सैकड़ों समर्थक लामबंद हुए और मनोज मालवे के घर पहुंचे और उन्हें साथ लेकर के सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से छिंदवाड़ा स्थित निवास पर पहुंचे मनोज मालवे के समर्थकों का कहना है की विगत 5 वर्षो से मनोज मालवे क्षेत्र में लगातार सक्रिय है। और क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ता पैराशूट के प्रत्याशी को सहयोग नही करेगा क्षेत्र से पहुंचे , समर्पण और उनके द्वारा क्षेत्र में की गई मेहनत को कमलनाथ जी के समक्ष प्रस्तुत किया लोग भावुक होते और उन्होंने कहा साहब आमला को बचा लीजिए इस तरह का पैराशूट या बाहरी प्रत्याशी को हम पर मत थोपिए जिससे कि कार्यकर्ताओं और पार्टी का नुकसान हो अगर पार्टी बाहरी प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाती है तो उसकी हार निश्चित है कार्यकर्ताओं ने जल्द ही मनोज मालवे को प्रत्यासी घोषित करने की बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से की ओर मनोज मालवे जिंदाबाद के नारे लगाए ।

### नवदुर्गा उत्सव मंडल मेघनाथ मोहल्ले में गायत्री परिवार द्वारा कराया गया दीप महायज्ञ

मुलताई। नगर में बच्चा पार्टी नव दुर्गा उत्सव मंडल मेघनाथ मोहल्ला में राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के पंडित धनराज धोटे ,विजय सराटकर धर्मराज धोटे,सयवंती बाई धोटे की टोली द्वारा यज्ञ संपन्न कराया गया। जिसमें साधना से सिद्धि कैसे प्राप्त होतीहैं,उपासना,साधना,आराधना करने से किस प्रकार मानव बुराई से अच्छाई की ओर अग्रसर होता है,ईश्वर की सच्चे मन से आराधना करने से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है के संबंध में जानकारी दी।इस दौरान धनराज धोटे ने कहा जब व्यक्ति अंतकरण से भक्ति के

## कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा दुर्गानवमी को दाखिल करेंगे पर्चा

### प्राचीन शिव मंदिर होते हुए पहुंचेंगे कलेक्ट्रेट

**बैतूल, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा 23 अक्टूबर दुर्गानवमी के पावन अवसर पर चुनावी रणभेरी का शंखनाद करते हुए अपना पर्चा दाखिल करेंगे। जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शहर सुनील शर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे के नेतृत्व में अपने निज निवास कमानी गेट से सुबह 11 बजे अपने समर्थकों के साथ पैदल चलकर संभवनाथ मंदिर, जैन स्थानक, गांधी चौक पहुंचेंगे। यहां राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद, छोटा राम मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद बस स्टैंड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करने के बाद प्रचार अभियान की विधिवत शुरुआत की जाएगी।

डागा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर पुन: विश्वास जताया है, इसलिए पार्टी के इस विश्वास पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी जीत हासिल करेगी। उन्होंने अपने दावे को और पुख्ता करते हुए कहा कि वे जिधर भी जाते हैं उन्हें बीजेपी के खिलाफ भारी जन-आक्रोश नजर आता है। कांग्रेस सरकार के आने की खुशी में जनता के चेहरों पर मुस्कान है। प्रदेश की जनता यह जानती है कि कैसे कांग्रेस की सरकार सौदे के कारण गई थी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव किसी पार्टी के खिलाफ नहीं है, यह चुनाव प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। आज प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि अब राजनीति स्थानीय हो गई है। वोटर्स को पता है कि अब स्थानीय मुद्दे पर चुनाव लड़ना है। डागा ने कहा हमारा उद्देश्य है कि हर परिवार खुशहाल हो। इसलिए इस बार हमारा नारा है- कांग्रेस आएगी, खुशहाली लाएगी।

विधानसभा बैतूल के प्रभारी राजेंद्र जैसवाल, ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोनू बडोनिया, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रशांत राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष तरुण कालभोर, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश माथनकर, आठनेर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र पंडोले, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश कनाठे, नगर कांग्रेस बैतूल बाजार अध्यक्ष गौरव पवार, आठनेर नगर कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानदेव माथनकर ने समस्त कांग्रेस जनों से बड़ी संख्या में नामांकन रैली में शामिल होने की अपील की है।

### शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया, पहले दिन चार लोग ने लिए फार्म

## 30 तक जमा कर सकेंगे, 4 दिन रहेगा अवकाश

**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए शनिवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन एक भी नामांकन जमा नहीं हुए लेकिन चार लोगो ने नामांकन फार्म जरूर ले गए। जिनमे आम आदमी पार्टी से रूपाली खाड़े और प्रवीण कुमार लोखंडे जबकि बहुजन मुक्ति पार्टी से घोषित उम्मीदवार जनार्दन पाटिल सहित कांग्रेस के किशोर सिंह परिहार नामांकन फार्म ले गए।




**30 तक भरे जा सकेंगे फार्म, 4 दिन रहेगा अवकाश-** निर्वाचन अधिकारी तृप्ति पटैरया ने बताया की 30 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी, जिसमे से 4 दिन शासकीय अवकाश होने के कारण नामांकन प्रक्रिया बंद रहेगी। उन्होंने बताया की 22, 24, 28 और 29 अक्टूबर को नामांकन के लिए न तो फार्म दिए जाएंगे न ही फार्म जमा किए जाएंगे।

**सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन भरे जा सकेंगे नामांकन-** निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार आफलाइन के साथ साथ आनलाइन भी नामांकन भर सकते है। जिसके लिए चुनाव आयोजग द्वारा सुविधा एप लांच किया गया है। यदि किसी को ऑनलाइन सुविधा एप के माध्यम से नामांकन भरने में परेशानी होती है तो वे तहसील कार्यालय में आफलाइन फार्म जमा कर सकते है।

**ऑनलाइन ली जा सकेगी अनुमतियां-**इस बार चुनाव में प्रचार प्रसार करने के लिए ली जाने वाली अनुमति के लिए बार बार तहसील कार्यालय के चक्कर नही काटने पड़ेंगे, सुविधा एप के माध्यम से ही चुनाव में उपयोग होने वाले वाहनों, लाउड स्पीकर, सभा रेली आदि की अनुमतियों के लिए आवेदन किया जा सकेगा। जिसके बारे में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## सती अनुसया माता मंदिर मे प्रसादी वितरित किए जा रहे पौधे



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के नेहरू वार्ड में स्थित सती अनुसया मंदिर में नवरात्र के पावन पर्व पर माँ दुर्गा की मनमोहक सौम्य रूप धारण की हुई प्रतिमा विराजित की गई जो की भक्तो का मन मोह रही है। मां अनुसया भक्त कृष्णा साहू ने बताया की मां दुर्गा के समक्ष प्रति दिन बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं जिसमे मटकी फोड़ प्रतियोगिता, चम्मच दौड़ प्रतियोगिता आदि में जीते प्रतियोगी को अनुसया माता मंदिर समिती द्वारा पुरूस्कार प्रदान किया गया। साथ ही माता दुर्गा के समक्ष भजन संध्या की जा रही है। यह मां अनुसया का मंदिर नगर का एकमात्र अनुसया मंदिर है यहां प्रति दिन श्याम 8 बजे मां अनुसया का दरबार लगता है जिसमे सैकड़ो भक्त प्रति दिन दर्शन करने आते हैं यहां सभी भक्तो की मनोकामना पूर्ण होती हैं। मंदिर के पुजारी मुन्नालाल साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर में सुबह श्याम आरती मे आए भक्तो को प्रसादी स्वरूप पौधे भेंट किए जा रहें हैं और सभी भक्तो को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया जाता है माता के भंडारे प्रसादी में भी भक्तो को प्रसादी के साथ पौधे भेंट किए जाएंगे नेहरू वार्ड स्थित अनुसया मन्दिर परिसर को आकर्षक लाईटिंग से सजाया गया है और जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से माँ के दरबार मे आता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुच रहे है मंदिर के पुजारी मुन्नालाल साहू कृष्णा साहू विक्की प्रजापति पवन साहू ललित साहू गोकुल साहू दुर्गेश यादव सुमित साहू सोनू साहू दीपक साहू कन्हैया साहू रितिक जोशी सूरज छिपने पिंटू बचाले राकेश पवार बादल साहू राजेश साहू प्रदिप साहू दुग्गू साहू विजय छिपने कमलेश साहू मयूर साहू मोनू साहू राजा साहू रितेश साहू पवन दियावार वरुण साहू भारत साहू।

### ग्राम सिरड़ी में ग्रामीणों ने ली भाजपा की सदस्यता

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभातपट्टन ब्लाक के ग्राम सिरडी में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र रघुवंशी ने बताया ग्राम सिरड़ी में भाजपा उम्मीदवार चंद्रशेखर देशमुख के जनसंपर्क के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे,मासोद मंडल अध्यक्ष विजय घोड़की,संजय लिखितकर,दुर्गादास सातनकर,श्यामराव लोखंडे,जयश लिखितकर मासोद की उपस्थिति में ग्राम सिरड़ी निवासी राजू नागले,हेमंत नागले,धीरज पंडोले,महादेव गायकवाड, सतीश बोरसे,अशोक नागले,सूरज पंडोले, कमलेश नागले,सुरेश पंडोले,राजेश बोरासे,अक्षय राने,विवेक पांडे,मुकेश बेले, बलदेव मगरदे, नामदेव मगरदे,नीलेश नागले,कैलाश पंडोले,दिलीप पंडोले,रोशन मगरदे,अभिषेक मगरदे,प्रवीण पंडोले, महादेव पंडोले सहित अन्य ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी युवाओं का श्रीदेशमुख सहित अन्य भाजपा नेताओं ने स्वागत का उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

### नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत, पुत्र घायल

**मुलताई, देशबन्धु।** नेशनल हाइवे 47 नागपुर रोड पर ग्राम मालेगांव के पेट्रोल पंप के सामने एक कार चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार पिता की मौत हो गई है। वहीं बाइक चालक पुत्र घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निम्बोटी निवासी दिनेश यादव 42 साल अपने पिता जोगीलाल यादव 60 साल के साथ अपनी बाइक से मालेगांव पेट्रोल पंप पर डीजल लेने गया था। बाइक दिनेश चला रहा था। डीजल लेने के बाद वापस गांव जाने के लिए सड़क पर पहुचे ही थे कि मुलताई की ओर से जा रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गिरकर घायल हो गए। दुर्घटना में जोगीलाल यादव को दोनों पैर में एवं दिनेश को कमर में अंदरूनी चोट आई। दुर्घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को मिलने पर घायल पिता पुत्र को मुलताई अस्पताल लेकर आए।जहां पर डॉक्टर ने जोगीलाल को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है दुर्घटना के बाद कार चालक ने मौके पर कार छोड़कर भाग गया। दिनेश की सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## प्रतिभावान खिलाड़ी हिमांशु जैन ने एशियन गेम्स में जीता सिल्वर मेडल



**▶ आज बैतूल स्टेशन पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता करेंगे भव्य स्वागत**

**बैतूल, देशबन्धु।** एशियन गेम्स में बैतूल जिले के होनहार प्रतिभावान खिलाड़ी हिमांशु जैन ने भारत के लिए सिल्वर मेडल जीतकर बैतूल जिले का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। हिमांशु ने एक्रोबेटिक जिम्नास्टिक एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिए जबरदस्त खेल कौशल का प्रदर्शन किया था। टीम में मिक्स पेयर केटेगरी में उनका साथ कुमारी कृष्णा भट्टड़ ने दिया।

इंडियन टीम मैनेजर आशीष हाटेकर के नेतृत्व में तश्केंत उज़्बेकिस्तान में यह चैंपियनशिप 18 से 20 अक्टूबर 2023 को आयोजित की गई थी। उल्लेखनीय है कि हिमांशु जिले के सावलमेंढा ग्राम के निवासी प्रवीण जैन एवं प्रीति जैन के ज्येष्ठ पुत्र है। हिमांशु आज रविवार 21 अक्टूबर को दक्षिण एक्सप्रेस से दिल्ली से नागपुर जा रहे हैं। इस दौरान बैतूल स्टेशन पर विद्यार्थी परिषद द्वारा जन भागीदारी समिति अध्यक्ष घनश्याम मदान के नेतृत्व में टीम का स्वागत किया जाएगा। सुनील जैन व जैन समाज बैतूल भी स्वागत करेगा।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत के प्रकरण में पंचायत सचिव पर मामला दर्ज

**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम कपासिया में बाइक की टक्कर से महिला की मौत के प्रकरण में पुलिस ने बाइक चालक पंचायत सचिव के खिलाफ केस दर्ज किया है ।गौरतलब है कि ग्राम कपासिया निवासी सतीबाई पति प्रीतमलाल कौशिक 58 साल शुक्रवार सुबह घर के सामने लगे नल पर प्लास्टिक का पाइप लगाकर घर आ रही थी।

इसी दौरान मार्ग से तेज गति से बाइक लेकर जा रहे बाइक चालक रावजी खपरिये ने सतीबाई को टक्कर मार दी टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुई ।सतीबाई को परिजन नगर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आए थे। जहां हालत गंभीर होने से बैतूल के निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर गए थे। लेकिन वहां भी हालत में सुधार नहीं होने के चलते नागपुर के अस्पताल में उपचार के लिए ले जा रहे थे। नागपुर पहुंचने के पूर्व ही सतीबाई की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतिका के पुत्र रितेश कौशिक की रिपोर्ट पर बाइक चालक रावजी खपरिये निवासी ग्राम कपासिया के खिलाफ धारा 304 ए के तहत केस दर्ज किया है। गौरतलब है कि रावजी खपरिये वर्तमान में ग्राम पंचायत सांवरी में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत है।

## चुनरी यात्रा निकालकर चढ़ाई मां ताप्ती को चुनरी

**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती की महिमा बैतूल जिले सहित प्रदेश और देश में फैलते जा रही है, मां ताप्ती के तट पर गुजरात में बसा हुआ तापी जिला के मांडवी से ताप्ती भक्त मां ताप्ती को चुनरी अर्पित करने के लिए शनिवार 101 मीटर की चुनरी लेकर मुलताई पहुंचे। मांडवी से आए भीकू भाई गामी एवं मनु भाई ने बताया कि मां ताप्ती को नवरात्रि के अवसर पर चुनरी चढ़ाने का संकल्प लिया गया था, जिसे पूरा



करने वे 101 मीटर की चुनरी लेकर मुलताई मा ताप्ती की उद्गम स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने लक्ष्मीचंद्र अग्रवाल, राजू पाटनकर, सुनील वानखेडे, मोरेश्वर अडलक, राजू पराड़कर आदि के सहयोग से मंगलवार बाजार से ताप्ती तट तक चुनरी यात्रा निकालकर मां ताप्ती सरोवर की परिक्रमा कर मां ताप्ती को चुनरी अर्पित की गई। उन्होंने बताया कि मां ताप्ती हर मनोकामना पूरी करती है और मा ताप्ती का आशीर्वाद सदा सभी पर बना रहे।

### विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूक रैली

**सारनी, देशबन्धु।** शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान बेहतर हो सके इसको ध्यान में रखते हुए शनिवार को रानीपुर हाई सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूक रैली करने का कार्य किया गया ।प्राचार्य बबीता वर्मा नए विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताया उन्होंने कहा विद्यार्थियों ने परिवार के साथ आसपास रहने वाले लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना होगा मतदान के दिन मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने के लिए भी प्रेरित करें ।उन्होंने विद्यार्थियों से अपील किया है कि उनके आसपास के गांव में भी वह लोग जो मतदान करने से वंचित रह जाते हैं ऐसे लोगों को प्रेरित करके मतदान केंद्र तक पहुंचाने की जवाबदारी तय करनी चाहिए ताकि बेहतर मतदान हो सके और बेहतर सरकार का निर्माण हो सके जिससे संपूर्ण शहरी और ग्रामीण क्षेत्र का विकास सरकार कर सके मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय हाई स्कूल रानीपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा पूरे ग्राम में रैली निकाली गई रैली के माध्यम से मतदान के दिन सभी काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने की समझाइस दी एवं कहां लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए विद्यार्थियों ने ईवीएम का प्रदर्शन करके मतदाताओं को जागरूक किया।

## पार्टी के आदेशों का पालन करना कार्यकर्ता और पदाधिकारी का पहला कर्तव्य : सिंह



**सारनी, देशबन्धु।** पार्टी किसे चुनाव में उतारने का कार्य करती है कौन सा प्रत्याशी अपना दमखम दिखा सकता है इसका निर्णय करना पार्टी हाई कमान का कार्य है ।पार्टी के कार्यकर्ता और पदअधिकारियों का यह कर्तव्य है कि हाई कमान के आदेश का पालन करते हुए चुनावी मैदान में कूद कर अपने प्रत्याशी को उचित स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए ।यह उद्गार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष विक्की सिंह ने पाथाखेड़ा के प्रेम नगर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए व्यक्ति किया है,उन्होंने कहा है कि वर्ष 2008 से लेकर वर्तमान समय तक कांग्रेस को विजयश्री का स्वाद नहीं चाखने को मिला है।

ऐसी स्थिति में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के प्रदेश में सरकार बनाने का लक्ष्य तय करना चाहिए और उसे लक्ष्य के हिसाब से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को एकजुट होना चाहिए पार्टी के कार्यकर्ता एक दूसरे की टांग खींचने के बजाय शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को अपने पक्ष में कैसे किया जा सकता है इस पर जोर आजमाइश किया जाना चाहिए तभी कांग्रेस को एक उचित मुकाम प्राप्त हो सकता है ।यूथ कांग्रेस जिला ग्रामीण के अध्यक्ष अंबर दीप बुनकर ने कहा कि जिस तरह महाभारत में अर्जुन का जो लक्ष्य था वह मछली की आंख थी ठीक मछली की आपको लक्ष्य बनाकर कांग्रेस के सभी पदाधिकारी चुनावी मैदान में एकजुट हो जाए तो निश्चित तौर से उन्हें उनके मन मुताबिक कार्य का फल प्राप्त होगा और इससे कार्यकर्ता पदाधिकारी का मनोबल भी बढ़ेगा ।एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष जैद खान ने कहा कि मजहब और जाति को दरकिनार करके एक बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी चाहिए वर्तमान परिवेश में भ्रष्टाचार कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुकी है ऐसे में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को एक धागे में पिरोकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा ।सारणी के कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष विक्की सिंह के नेतृत्व में या बैठक का आयोजन किया गया था और इस बैठक में यूथ कांग्रेस जिला बैतूल की कार्यकारिणी में सारनी क्षेत्र से महासचीव के पद पर राशिद खान सचिव के पद पर,चांद अंसारी, सोनू सोनी को जिला प्रवक्ता वर्षा पवार की उपस्थिति में पुस्पहार से स्वागत किया गया।

साथ ही कांग्रेस आई टी सेल सारनी ब्लॉक के नवीन अध्यक्ष प्रियांशु खातरकर एवं एनएसयूआई सारनी ब्लॉक अध्यक्ष अंकित राकेशिया का स्वागत किया गया ।बैठक में विधानसभा चुनाव को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस आई टी एवं सोशल मीडिया विभाग सारनी की कार्यकारिणी का गठन होने के उपरांत सभी आईटी सेल के पदाधिकारियों को विक्की सिंह,अंबर दीप बुनकर,जैद खान, प्रियांशु खातरकर के हाथो नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए ।इस मौके पर नवीन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वजीर अंसारी,महेंद्र भारती, पिंटिस नागले,यूथ कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष रोहित भारती,मनोज वागद्रे, बबलू वामनकर,फैयाज अंसारी,किशोर हेड़ाओ, नायब खान,अविराज हरोड़े,इरफान अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे।

## सार समाचार

### पुलिस शहीद स्मृति दिवस: कर्तव्य पथ पर बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को किया नमन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पुलिस लाइन में शनिवार को पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में आईजी श्री इरशाद वली, डीआईजी श्री जगत सिंह राजपूत,कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधिक्षक डॉ गुरकरन सिंह ,अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र कुमार सिंह ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष मिश्रा, एसडीओपी श्री पराग सैनी समेत सभी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### आर.टी.ई. के तहत प्रवेश लिए बच्चों से अनाधिकृत शुल्क न वसूला जाए


**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम श्री शत्रुंजय सिंह बिसेन ने सभी प्राचार्य,बी.ई.ओ., बी.आर.सी, जन शिक्षक और अशाश्वशालाओं के प्राचार्य / प्रधान पाठक को निर्देशित किया है कि नि:शुल्क और बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आर.टी.आई) आर.टी.ई. के तहत जिन बच्चों का प्रवेश हुआ है, उनसे अनाधिकृत शुल्क न वसूला जाए। इस संबंध में राज्य शासन व राज्य शिक्षा केन्द्र के नियम निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि इस संबंध में शिकायत संबंधित संकुल प्राचार्य/ बी. ई. ओ./ बी. आर. सी. जन शिक्षक को तथा डी.ई.ओ/डी.पी.सी. कार्यालय के मान्यता कक्ष में प्रस्तुत की जा सकती है। साथ ही श्री केरकेटा 9424087396 , मनीष के मोबाईल 7987993899 पर वाट्सएप की जा सकती है।

### कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर चलाया जाएगा विशेष जागरुकता अभियान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम श्री नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। साथ ही वोटर जागरूकता शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अक्टूबर से मिशन 50ञ्च230 संचालन किया जाएगा, जिसके सफलतापूर्वक के लिए विकासखण्ड नोडल अधिकारियों को दायित्व सौंपा जाता है।

### होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में भाई के सामने भाई लड़ेंगे विचारधारा की लड़ाई

# भाजपा ने चारों सीटें रखी यथावत, चेहरे बदलने की मांग करने वाले विरोधियों का झटका




अक्षय नेमा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पांचवीं सूची जारी कर दी है। सूची में नर्मदापुरम जिले की होशंगाबाद-इटारसी, सिवनी मालवा और पिपरिया सीट से प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। तीनों सीटों को यथावत रखा गया है। होशंगाबाद से डॉक्टर सीतासरन शर्मा तीसरी बार, पिपरिया में ठाकुरदास नागवंशी चौथी बार और सिवनी मालवा से प्रेमशंकर वर्मा को दूसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है। लंबे समय से जन चर्चा का विषय बनी होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से लगातार उठ रही विधायक प्रत्याशी का चेहरा बदलने की मांग और विधायक का विरोध करने वाले विरोधी खेमे की पार्टी आलाकमान के सामने नहीं चल पाई है। एक बार फिर भाजपा ने डा सीताशरन शर्मा पर ही विश्वास जताया है। ज्ञात हो कि भाजपा की पहली सूची में जिले की सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए विधायक विजयपाल सिंह राजपूत का टिकट पक्का हुआ था। पार्टी ने उन्हें चौथी बार मौका दिया है। चारों सीटें घोषित होते ही अब भाजपा प्रत्याशियों का मुकाबला कांग्रेस से प्रत्याशी बनाए गए होशंगाबाद सीट से पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा, सोहागपुर से पुष्पराज पटेल, पिपरिया में गुरुकरण खरे और सिवनी मालवा से अजय बलराम पटेल से होगा।

### नए चेहरों की मांग करने वालों को झटका

भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की चार सूचियों तक में जिले की तीनों विधानसभा सीटों को रोक कर रखा था। इन तीनों सीटों पर वर्तमान विधायकों को बदल नए चेहरे की मांग उठ रही थी। सबसे ज्यादा विरोध होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में किया जा रहा था। भाजपा की गुटबाजी यहीं सबसे ज्यादा देखने को मिली थी। जब यहां से विरोधियों के एक गुट ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंच कर नए चेहरे को मौका देने की मांग की थी। इस सीट से लगातार 3 बार के विधायक डॉ सीताशरण शर्मा को इस बार टिकट नहीं देने की मुहिम तक चलाई गई थी। विरोध करने वालों में भाजपा नेता डॉ राजेश शर्मा, अखिलेश खण्डेलवाल, संदेश पुरोहित, पूर्व जनपद अध्यक्ष भगवती चौरे, पार्षद शिवकिशोर रावत, जिला उपाध्यक्ष कल्पेश अग्रवाल, उमेश पटेल, दीपक हरिनारायण अग्रवाल जैसे दर्जनों नाम शामिल थे। जिन्होंने डॉ शर्मा का टिकट कटवाने के लिए पूरी कोशिश की थी, मगर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीताशरण शर्मा के कद के सामने आलाकमान ने भी नया प्रयोग करने का विचार नहीं किया। भाजपा संगठन के हाईकमान ने दिल्ली में बैठकर विचार व मंथन किया। तीनों सीटों को यथावत रखते हुए वर्तमान विधायकों को मौका दिया है।

### भगवती प्रसाद चौरे ने किया विरोध



भाजपा के पूर्व जनपद अध्यक्ष भगवती प्रसाद चौरे ने अपने समर्थकों के साथ रामजी बाबा समाधि स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने टिकट वितरण को लेकर नाराजगी व्यक्त की। भारत माता समेत भगवती चौरे जिंदाबाद के नारे लगाएं गए। उन्होंने कहा दोनों ही बड़ी पार्टी ने एक ही परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। मैं इसका विरोध करता हूं। मैं निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ूंगा। वहीं जनचर्चा है कि टिकट न मिलने से विधायक विरोधी गुट के दावेदारों में नाराजगी है। गुट के दावेदार व पदाधिकारियों ने एक निजी कॉलोनी में की बैठक की।

### चुनाव में एक सीट से दो सगे भाई लड़ेंगे चुनाव

दो दिन पूर्व ही कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर होशंगाबाद-इटारसी विधानसभा सीट से भाजपा छोड़कर कांग्रेस ने आने वाले गिरिजाशंकर शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। टिकट मिलते ही शर्मा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं भाजपा ने शनिवार को होशंगाबाद-इटारसी इसी सीट से अपने प्रत्याशी के तौर पर वर्तमान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा को एक बार और मौका दिया है। इस सीट पर अब भाई-भाई के बीच मुकाबला होगा। कांग्रेस से प्रत्याशी बनाएं गए पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने भाजपा की सूची जारी होने से पूर्व मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल कि आपके भाई डॉ सीतासरन शर्मा को भाजपा से टिकट मिलती है, तो क्या आप आमने-सामने चुनाव लड़ेंगे? उन्होंने कहा मेरी प्राथमिकता सोहागपुर थी, लेकिन जब मुझसे कहा गया कि होशंगाबाद से लड़ना है तो मैंने स्वीकृति दे दी। तब तक मेरे भाई को पार्टी ने उम्मीदवार नहीं बनाया था। मैं नहीं चाहता था कि घर के अंदर चुनाव लड़ा जाए। लेकिन जब इन्होंने ही परिस्थिति वो नहीं रहने दी तो मैं तो अपनी जिम्मेदारी पूरी करूंगा। अब ये उनको तय करना है। यदि उन्हें टिकिट मिल चुकी होती तो मैं चुनाव नहीं लड़ता। वहीं पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा के छोटे भाई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वर्तमान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि देखिए मुकाबला तो जैसा चुनाव में होता है वैसा ही होगा। क्योंकि यहां लड़ाई विचारधारा की है, व्यक्ति की नहीं है। वास्तव में यहां लड़ाई दो विचारधाराओं की है। मैं व्यक्तिगत कभी किसी पर प्रहार नहीं करता। वहीं भाई के विरोध के भाई के चुनाव लड़ने को लेकर जनचर्चा है कि मतभेद, मनभेद और कुछ पारिवारिक वर्चस्व की रणनीति कभी कभी ऐसी परिस्थिति उत्पन्न कर देती हैं कि न चाहते हुए भी दो भाइयों को एक दूसरे के विरोध में चुनाव लड़ना पड़ता है।

## शारदीय नवरात्रि : प्राचीन मंदिर मां अंबे माई कन्या भोज में पूजन का आयोजन



**पचमढ़ी देशबंधु।** शारदीय नवरात्रि पावन पर्व पर पचमढ़ी नगर के प्रसिद्ध एवं प्राचीन मंदिर माँ अंबे माई में पहली बार नौ दिवसीय कन्या भोज एवं कन्या पूजन का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें पचमढ़ी के अलग-अलग विद्यालयों से प्रतिदिन कन्याओं को अंबे माई मंदिर लाकर सर्वप्रथम कन्याओं के चरण धोकर,पोंछ कर,चरण छूकर,माहुर लगाया जाता है।तत्पश्चात स्वादिष्ट व्यंजनों एवं फलों का भोग खिलाकर कन्याओं का टीका करके दक्षिणा एवं उपहार देकर विदा करके बापस बस द्वारा यथा स्थान सभी को विद्यालय पहुंचाया जाता है? ।पचमढ़ी नगर में इस प्रकार का आयोजन प्रथम बार किया जा रहा है ।जिसे समस्त नगर में अत्यधिक सराहा जा रहा है ।इस कन्या भोज एवं कन्या पूजन में पचमढ़ी के समस्त धर्म प्रेमियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। प्रथम दिवस कन्या भोज शैलेंद्र जैन,द्वितीय दिवस विशाल जाबरिया एवं कन्या भोज समिति, तृतीय दिवस सत्येंद्र गुप्ता (आशो भाई),चतुर्थ दिवस प्रफुल्ल अग्रवाल,पंचम दिवस सोनू चंचल, छटम दिवस शैलेंद्र गुप्ता द्वारा कन्या भोज कराया गया इस कार्यक्रम की रूपरेखा अंबे माई के पुजारी रमेश त्रिपाठी द्वारा तैयार की गई एवं उनके प्रयासों का ही यह परिणाम सामने आया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कोरी संदीप गुप्ता प्रखर अग्रवाल पवन साहू श्री कृष्ण ठाकुर निधि खन्ना विनोद कुक? लखन डब्बू सूनील जाट छोटू पाल सतीश यादव राजू चौधरी गगन साहू सत्येंद्र बिछैल सुनीत कसौधन विशेष सहयोग रहा।

### विधानसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

# 21 से 30 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे अभ्यर्थी

### जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह ने सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के लिए निर्देश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले की सभी चारों विधानसभा सीटों के लिए 21 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। निर्वाचन की अधिसूचना सभी रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, सहायक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, नगर पालिका एवं ग्राम पंचायत में आज प्रकाशित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा कर सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नाम निर्देशन के दौरान सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि 30 अक्टूबर नामांकन फार्म भरने की अंतिम तारीख रहेगी। नामांकन की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 2 नवंबर है। पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। नामांकन दाखिल करते समय सामान्य अभ्यर्थी को 10 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति को 5 हजार रुपये जमानत राशि जमा करना होगा।

### अभ्यर्थी सहित 5 व्यक्ति को ही आरओ कक्ष में प्रवेश करने की रहेगी अनुमति

नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग आफिसर (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। केवल तीन वाहनों को ही 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 3 बजे तक चलेगी। दोपहर 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को नामांकन के समय सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी। एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। इनको एक साथ अथवा पृथक से दाखिल किया जा सकता है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

### ऑनलाइन नामांकन और अनुमति ले सकेंगे उम्मीदवार

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नामांकन भरने के साथ ही रैली, बैठक, अस्थाई कार्यालय सहित अन्य अनुमति लेने के लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान की है। इसके लिए अभ्यर्थियों को सुविधा पोर्टल का उपयोग करना होगा। सुविधा पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाइन जमानत राशि भी जमा कर सकते हैं।

### केंद्रीय व्यय प्रेक्षक श्री संजय कक्कड़ ने निर्वाचन की तैयारियों का लिया जायजा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए नर्मदापुरम और सिवनीमालवा विधानसभा के लिए आईआरएस अधिकारी श्री संजय कक्कड़ को केंद्रीय व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक श्री कक्कड़ ने आज कलेक्टर कार्यालय स्थित शिकायत कंट्रोल रूम, मीडिया मॉनिटरिंग सेल आदि का निरीक्षण किया तथा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंप गए दायित्वों का पूरी गंभीरता के साथ क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। साथ ही 40 से अधिक अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी प्रमुख बिंदुओं पर प्रशिक्षण भी दिया। व्यय प्रेक्षक श्री कक्कड़ ने सिवनीमालवा विधानसभा का भी भ्रमण कर यहां नाम निर्देशन प्रक्रिया सहित निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह, उप निर्वाचन अधिकारी श्री देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### पहले दिन प्राप्त नहीं हुआ कोई भी नाम निर्देशन पत्र

नर्मदापुरम, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने का कार्य शनिवार से प्रारंभ हो गया। पहले दिन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र नर्मदापुरम, पिपरिया ,सिवनीमालवा और सोहागपुर के लिए कोई भी अभ्यर्थी ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं कराया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र 30 अक्टूबर तक जमा होंगे।



### भक्ति से सराबोर है झांकियां

**पचमढ़ी, देशबन्धु।** 11 मंडलों ने विशेष झांकियां बनाकर मां की प्रतिमाएं स्थापित की हैं। नगर के प्रमुख भगत सिंह चौक पर नवयुवक मंडल द्वारा समुद्र की पुरानी शिप का लुक पंडाल को देखकर समस्त जनों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया है । वहीं श्री रामनव दुर्गा उत्सव समिति ने इंडिया गेट का लुक एवं गांधी गंज मंडल ने महाकाली की विशाल प्रतिमा के पंडाल को दिल्ली के लाल किले का लुक दिया है। वही दूसरी ओर गायत्री परिवार द्वारा प्रतिदिन वैदिक पद्धति से हवन पूजन कर मां की सेवा मे तल्लीन है । पचमढ़ी के पटेल मार्ग पर भी प्रतिवर्ष अनुसार मां की प्रतिमा स्थापित की गई समिति के सदस्य बंटी साहू ने बताया पंचमी तिथि पर मां के दरबार में विशाल नगर भोज का आयोजन किया गया

## डीसेंट इंग्लिश स्कूल में हुआ भव्य गरबा का आयोजन



**छतरपुर, देशबन्धु।** डीसेंट इंग्लिश स्कूल में नवरात्र के उपलक्ष्य में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज स्कूल प्रांगण में नौ देवियों की संजीव झांकियां का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजक श्रद्धा नगायच के साथ श्वेता रावत, अनामिका चौरसिया, प्रदीप त्रिपाठी शिक्षकों ने इस अवसर पर सजावट के प्रयासों से चार चांद लगाए और बच्चों को नौ देवियों के रूप में सुसज्जित कर जीवंत रूप दिया। इसके बाद साक्षी गुप्ता, मधु अग्रवाल, महक अग्रवाल, दिनेश श्रीवास, सोनिया मिश्रा, खुशी, मानसी, रचना शर्मा, वैशाली, रोशनी, अर्चना मिश्रा, उजमा आदि ने किंडर गार्टन बच्चों को गरबा नृत्य के लिए तैयार किया और नौ देवियों की आरती व प्रसाद के साथ गरबा नृत्य के द्वारा पूजा और अर्चना की गई।

झ इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक अशोक दुबे प्राचार्या मयूरी दुबे ,उप प्राचार्य राजीव जैन व विद्यालय के सभी शिक्षकों ने नौ देवियों की विधिवत पूजा अर्चना की। अशोक दुबे ने बच्चों की पढ़ाई लिखाई के अतिरिक्त उनमें अपने भारतीय संस्कार और जीवन पद्धति के समन्वय पर भी जोर दिया और बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें अपने संस्कृति के साथ चलने के लिए प्रेरित किया।

## स्कूली छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**ईशानगर, देशबन्धु।** ईशानगर में स्कूली छात्र छात्राओं ने शनिवार की दोपहर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ संकुल प्रभारी जेपी चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर किया।

उन्होंने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और मतदाता बनने के लिए भी जानकारी दी। रैली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से होती हुई नगर के मुख्य मार्ग से अंदर मोहल्लों में घूमकर विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने %सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो', %जन-जन की यही पुकार, वोट डालो अबकी बार', %करें राष्ट्र का जो उत्थान, उसको करें हम मतदान' आदि नारे लगाए।

इस दौरान छात्र-छात्राएं स्लोगन लिखी तख्ती लेकर चल रहे थे। छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही उनसे मतदान करने और 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर मतदाता बनने की जानकारी भी दी। रैली में शिक्षक कमलेश त्रिपाठी,महेश गुप्ता, नरेश कुशवाहा,रुचि जैन, सीताराम साहू,कृष्ण कुमार त्रिपाठी,राजू नायक,अंजली चतुर्वेदी, जगदीश प्रसाद अहिरवारआदि मौजूद रहे।

### चुनाव के पहले कोतवाली पुलिस ने पकड़ी शराब की खेपकार में मिली 11 पेटी अवैध शराब जब्त



**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के ठीक पहले छतरपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के राजनगर बाईपास रोड पर एक चार पहिया वाहन से 45 हजार कीमत की 11 पेटी देशी शराब जब्त की गई है। शराब को ग्राम कोटा के तिराहे के समीप पकड़ा गया। यह शराब 96 लीटर है जिसे बोलेरो वाहन में भरकर ले जाया जा रहा था। रात करीब 12 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इस शराब को जब्त कर लिया।

पुलिस ने एक बोलेरो वाहन से यह शराब जब्त की है। टीआई अरविंद कुजूर ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के निर्देशों के अनुरूप लगातार अवैध शराब माफियाओं पर शिकंजा कसा जा रहा है। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। हालांकि इस कार्यवाही के दौरान अज्ञात आरोपी पुलिस को देखकर मौके से भाग गए।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

# पुलिस असामाजिक तत्वों और राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे : राज्यपाल



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शहीदों के परिजनों को भरोसा दिलाया कि मैं, प्रदेश की जनता,पुलिस प्रशासन और सम्पूर्ण समाज आपके साथ है। समाज में शांति सद्भाव और भाईचारे के वातावरण को मजबूत रखने से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस असामाजिक तत्व एवं राष्ट्र द्रोही ताकतों का पूरी कठोरता के साथ दमन करें। यह भी सुनिश्चित करें कि आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करें। कभी किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं हो। श्री पटेल आज पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश और प्रदेश के सभी शहीद पुलिस अधिकारियों और जवानों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ राजेश राजौरा भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने पुलिस बल का आव्हान किया कि अपने अमर शहीद साथियों की शहादत से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करें। पुलिस समाज का अभिन्न अंग है। उसकी सक्रिय भागीदारी के साथ ही विकास की सोच फलीभूत हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस की उपलब्धियाँ सराहनीय है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाये रखने के लिये सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों को और बेहतरी के साथ जारी रखना होगा। अपराधों की त्वरित विवेचना और अपराधियों को सजा दिलाने में वृद्धि प्रदेश पुलिस की सक्रियता से ही संभव हुई है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश पुलिस की गणना देश के श्रेष्ठ बलों में की जाती है, जो पहचान पुलिस के जांबाज जवानों ने स्थापित की है। उसे और अधिक निखारने की दिशा में सदैव तत्पर रहें।

पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस देश की अंखडता को चिरस्मरणीय बनाने का दिन है। अमर शहीदों का देशभक्ति-जनसेवा के लिए प्राणोत्सर्ग सदैव हमारे कर्तव्यपथ को अलोकित करता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस बैंड द्वारा निकाली जा रही देशभक्ति के गीतों की मधुर धुन के बीच शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा विशेष पुलिस महानिदेशक अरविन्द कुमार, राजेश चावला, विपिन माहेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक फरीद शापू, विजय कटारिया, रवि कुमार गुप्ता, चंचल शेखर, आदर्श कटियार, जर्नादन, अनिल कुमार, योगेश मुद्गल, आलोक रंजन, संजीव शमी, योगेश देशमुख,जयदीप प्रसाद, पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा, पुलिस उप महानिरीक्षक नवनीत भसीन, सेनानी 7 वीं वाहिनी अतुल सिंह सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आरंभ में पाल-बेयरर पार्टी द्वारा सम्मान सूची को स्मारक कोष में स्थापित किया गया और शहीद स्मारक को सलामी दी गई। आयोजित परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी शियाज के.एम. ने किया। परेड में जिला बल की महिला प्लाटून, विशेष सशस्त्र बल की पुरूष प्लाटून, जिला पुलिस बल की पुरूष प्लाटून, होमगार्ड प्लाटून, पाल बेयरर, कलर पार्टी, पुलिस बैंड प्लाटून, अश्वरोही दल और श्वान दल की टुकड़ियाँ शामिल थी। अंत में राज्यपाल एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों से मुलाकत भी की।

कांग्रेस-भाजपा में प्रत्याशियों को लेकर बढ़ा असंतोष, विरोध-प्रदर्शन जारी

# दतिया से आए कार्यकर्ताओं ने दिग्विजय का पुतला फूंका, कांग्रेस दफ्तर में की तोड़फोड़



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशियों की दूसरी सूची आने के बाद प्रत्याशियों को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। राजधानी भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के समक्ष रोजाना ही कई विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं।

दतिया जिले से आए कार्यकर्ताओं ने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दूसरे दिन भी प्रदर्शन कर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुतला फूंका। यही नहीं यह कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जा घुसे, जहां उन्होंने तोड़फोड़ भी की। यह कार्यकर्ता सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र से घनश्याम सिंह की उम्मीदवारी का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस क्षेत्र में दामोदर यादव को प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए। उधर, दामोदर यादव ने आज कांग्रेस से इस्तीफा भी दे दिया है।

कांग्रेस ने जावरा से हिम्मत श्रीमाल को उम्मीदवार बनाया है। इसके विरोध में लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने पुतला तक फूंक दिया साथ ही नारेबाजी की। इसी तरह रतलाम ग्रामीण में घोषित किए गए उम्मीदवार को बाहरी बताते हुए लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भोपाल में भी बैरसिया के कार्यकर्ताओं ने उम्मीदवार का विरोध करते हुए पुतले फूंके।

कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर बुरहानपुर से सुरेंद्र सिंह शेर को टिकट दिया गया है, वह निर्दलीय विधायक थे, जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। इसी तरह देवास की खातेगांव सीट से दीपक जोशी को उम्मीदवार बनाए जाने का विरोध हो रहा है। आज खातेगांव क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोशी की गाड़ी को घेर लिया और उनके खिलाफ जबर्दश्त नारेबाजी की। तो इंदौर की महू सीट से रामकिशोर शुक्ला को उम्मीदवार बनाए जाने पर लोग विरोध प्रदर्शन पर उतर आए हैं। रीवा की सिमरिया सीट से अभय मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है, जिसका भी विरोध हो रहा है। इसी तरह निवाड़ी विधानसभा से अमित राय को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है, जिसको लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष है और वे पार्टी से इस्तीफा तक देने की बात कह रहे हैं। इसी तरह दतिया जिले के पूर्व प्रदेश महामंत्री भानु ठाकुर ने नाराजगी जताते हुए कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है। पवई से कांग्रेस उम्मीदवार बनाए गए मुकेश नायक का भी कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं।

# जबलपुर में केंद्रीय मंत्री यादव का घेराव, गनमैन को पीटा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशियों की 5वीं सूची जारी होने के बाद प्रदेश में कई जगह पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की नाराजगी सामने आई है। आज जबलपुर में केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र सिंह का कार्यकर्ताओं ने घेराव किया। इस दौरान नाराज कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री यादव के गनमैन के साथ मारपीट की। मंत्री श्री यादव भी धक्का-मुक्की का शिकार हुए। यह कार्यकर्ता जबलपुर उत्तर-मध्य विधानसभा से अभिलाष पांडेय की उम्मीदवारी का विरोध कर रहे थे। हंगामा करने वाले कार्यकर्ता पूर्व मंत्री शरद जैन और पार्टी नेता धीरज पटेरिया के समर्थक हैं।

हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी. डी. शर्मा के खिलाफ नारे लगाए। हालांकि पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उन्हें पार्टी कार्यालय से बाहर लाने में कामयाब रहे। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में दिखाया गया है कि मंत्री उग्र प्रदर्शनकारियों से लगभग घिरे हुए थे, हालांकि उन्होंने उन्हें शांत करने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

भाजपा की 5वीं सूची पर कमलनाथ का तंज

# अब स्पष्ट हो गया भाजपा नेतृत्वहीन होने के साथ साथ दिशाहीन भी



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आज शनिवार को लंबे इन्तजार के बाद पांचवी सूची जारी कर दी इस सूची में 92 सीटों की घोषणा की गई है, अब इस सूची के बाद भाजपा अब तक 228 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है शेष 2 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित करना अभी बकाया है।

भाजपा की सूची जारी होते ही पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट कर भाजपा पर तंज कसा है, उन्होंने लिखा- भारतीय जनता पार्टी की पांचवी सूची ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा नेतृत्वहीन होने के साथ ही दिशाहीन भी हो चुकी है। पार्टी ने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, बल्कि हार का ठीकरा फोड़ने के लिए कुछ पुराने और नए नाम सामने कर दिए हैं। अब न भाजपा के पास मुख्यमंत्री का चेहरा है और ना ही विधायकों का चेहरा। उन्होंने आगे लिखा- जनता के सामने 18 साल का कुशासन है और जनता उसे खारिज करने के लिए कमर कस चुकी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बोले-

# भाजपा की सूची में इतिहास बनाने वालों का नाम



**भोपाल, देशबन्धु।** आज भाजपा ने जो 92 नाम के प्रत्याशियों की सूची जारी की है, उसमें युवा,अनुभव और ऐसे कार्यकर्ताओं को टिकट दिया गया है जो अच्छे कार्यकर्ता के साथ-साथ सामाजिक कल्याण की दिशा में भी काम कर रहे हैं। यह बात शनिवार को बंसल वन स्थित मीडिया सेंटर में प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा की पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी ने ऐसे कार्यकर्ताओं को मौका दिया है जो इतिहास बनाएंगे। 26 साल के नौजवान शिवराम कन्नौज को मनावर से टिकट दिया गया है जो अच्छी नौकरी कर रहा थे ,लेकिन वो समाज कल्याण के लिए कुछ करना चाहते थे।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश की जनता से स्नेह रखते हैं। मध्यप्रदेश की जनता के मन में पीएम मोदी और पीएम मोदी के मन में मध्यप्रदेश की जनता है। सूची जो जारी हुई उसके लिए हमारे नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह का मैं आभार व्यक्त करता हूं कि सूची के अंदर ऐसे लोगों को टिकट दिया है कि जो प्रतिभाशाली होने के साथ-साथ समाज कल्याण की दिशा में काम करते आ रहे हैं।

# भाजपा-कांग्रेस के नाराज नेता थाम रहे बसपा और आप का दामन







**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में टिकट न मिलने से नाराज भाजपा-कांग्रेस के नेता बसपा और आम आदमी पार्टी का दामन थाम रहे हैं। बंडा से भाजपा नेता सुधीर यादव और ब्यौहारी से कांग्रेस के पूर्व विधायक रामपाल सिंह ने आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। वहीं सुमावली से कांग्रेस विधायक अजब सिंह और मुरैना से पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रुस्तम सिंह के बेटे राकेश सिंह ने बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया है।

भाजपा छोड़कर अपनी पार्टी बनाने वाले मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी ने कांग्रेस से टिकट न मिलने के बाद नया रास्ता चुना है। त्रिपाठी कुछ दिन पहले बनाई गई विंध्य जनता पार्टी से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया है कि चुनाव आयोग से उनकी विंध्य जनता पार्टी को मान्यता मिल गई है और अब वे इसके बैनर तले ही चुनाव लड़ेंगे। उन्हें गन्ने की फसल के साथ खड़े किसान का सिंबल मिला है. त्रिपाठी ने कहा कि मान्यता मिलने में देरी हुई है. इसलिए अब विंध्य और भोपाल की सीटों पर ही चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को बढ़ाकर तीसरे मोर्चे का रूप देंगे।

भाजपा के सुधीर यादव, मुकेश जैन और कांग्रेस के रामपाल सिंह को दिल्ली में सदस्यता ग्रहण कराई। आप ने सुधीर यादव को बंडा से प्रत्याशी घोषित कर

### विंध्य जनता पार्टी से चुनाव लड़ेंगे नारायण त्रिपाठी

दिया है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही भाजपा छोड़ दी थी। इनके पिता लक्ष्मीनारायण यादव सागर से सांसद रहे हैं. मुकेश जैन ने गुरुवार को भाजपा से इस्तीफा दिया था. वे लगभग 4 दशकों से भाजपा में अलग-अलग पदों पर रहे हैं. जबकि, पूर्व कांग्रेस विधायक रामपाल सिंह साल 2018 में ब्यौहारी सीट से चुनाव लड़कर तीसरे नंबर पर रहे थे। अब इन्हें भी आप ने टिकट दे दिया है।

इसी तरह कुछ दिनों से रुस्तम सिंह और उनके बेटे कांग्रेस और बसपा दोनों के संपर्क में थे. राकेश सिंह मुरैना से टिकट चाह रहे थे, लेकिन भाजपा ने रघुराज सिंह कंसाना को उम्मीदवार बना दिया है। इससे पहले भी भाजपा-कांग्रेस के कई नेता आप व बसपा में शामिल हो चुके हैं।

अखिलेश की कांग्रेस को दो-टूक

# गठबंधन करना है कि नहीं करें साफ



**हरदोई, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हरदोई में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कांग्रेस से दो टूक शब्दों में आज कहा कि भाजपा को हराने के लिए गठबंधन करना है कि नहीं, कांग्रेस यह साफ करे, अगर नहीं करना है तो भी यह साफ करे।

यहां हरदोई के राजकीय इंटर कॉलेज में लोक जागरण अभियान के तहत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करने पहुंचे सपा प्रमुख ने पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास संदेश कांग्रेस पार्टी के सबसे बड़े नेता के माध्यम से किसी का संदेश आया है तो अगर वह बात कुछ कह रहे हैं तो मुझे माननी पड़ेगी नंबर एक, कुछ उन्होंने संदेश दिया है लेकिन एक बात जोड़ता हूं आपसे, हमें बुलाया ही क्यों था अगर गठबंधन नहीं करना था । इसका तो जवाब कोई दे दे हमें ,अगर गठबंधन नहीं करना था तो मुझे बता देते आप कि आपको गठबंधन नहीं करना है । इससे पहले सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने सांड़ के बहाने सरकार को घेरा और कहा कि कल हम लोग शाहजहांपुर से चले और हरदोई आपके बीच में पहुंचे हैं। शाहजहांपुर हरदोई में यह नई कोई यातायात व्यवस्था शुरू हुई है जो हमारी ट्रैफिक का इंतजाम देख रही है शायद इतने कभी जानवर हम लोगों ने सड़कों पर नहीं देखे होंगे जितने आजकल। उन्होंने व्यंगात्मक लहजे में कहा कि लगता है कि कोई नई भर्ती की है ट्रैफिक व्यवस्था को बनाने के लिए। यह सरकार के लोग हैं उत्तर प्रदेश को एक मिलियन डॉलर इकॉनमी और भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं,दूसरी ओर आज डेंगू बीमारी से कोई गांव नहीं बचा। जिला अस्पताल या कोई मेडिकल कॉलेज देख आइए हर जगह डेंगू के मरीज भरे हैं।

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष का आरोप

# प्रदेश में महिलाएं-बालिकाएं सुरक्षित नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** अभा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाएं और बालिकाएं सुरक्षित नहीं हैं। आए दिन हो रहे जघन्य अपराधों से प्रदेश में असुरक्षा का माहौल है। पिछले 18 सालों में भाजपा सरकार कानून व्यववस्था के मोर्चे पर असफल रही है। सुश्री डिसूजा ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में बालिकाओं के साथ अत्याचार बढ़ रहे हैं। हाल ही में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर सहित कई जिलों में घटी घटनाओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन का अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं है और वे बेखौफ नजर आ रहे हैं। कांग्रेस नेत्री ने बताया कि उन्होंने प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक में आई महिला पदाधिकारियों से उनके क्षेत्रों की जानकारी हासिल की। जिसमें उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं के साथ घट रहे अपराधों का ब्यौरा दिया। सुश्री डिसूजा ने कहा कि प्रदेश में रोज 18 बलात्कार की घटनाएं घटित हो रही हैं और कई मामलों में अपराधी पकड़ से बाहर हैं। अपराधियों को सजा दिलाने में भी सरकार विफल रही है।

सुश्री डिसूजा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में महिलाएं सरकार की विफलता को लोगों के बीच ले जाएंगी। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी बहना योजना को लेकर कहा कि पिछले 18 साल से शिवराज सरकार को बहनों की याद क्यों नहीं आई। उन्होंने कांग्रेस सरकार आने पर महिलाओं और बेटियों के लिए लागू की जाने वाली योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**आपका सपना ही मेरा....** को वन रैंक वन पेंशन दी। जीएसटी को लागू किया। तीन तलाक के खिलाफ भी कानून हमारी सरकार के दौरान बनाया। कुछ सप्ताह पहले महिलाओं को रिजर्वेशन के अधिनियम को लागू किया। कोशिश यही है कि यंग जनरेशन के लिए देश में एक पाजिटिव माहौल बने। एक ऐसा माहौल जिसमें आपकी जनरेशन के पास अपार्चुनिटी की कमी न हो। ऐसा माहौल हो कि देश का युवा बड़े सपने देखे और प्राप्त करे।

मोदी ने कहा कि हमें संकल्प लेना है कि अगले 25 सालों में देश को विकसित बनाकर दिखाएंगे। यह आपको करना है। भारत की यंग जनरेशन को करना है। आपके सामर्थ्य पर विश्वास है। 25 साल आपके लिए जरूरी है, उतने ही भारत के लिए जरूरी हैं। यह सोच कर काम करें कि मैं बनाऊंगा विकसित भारत। मैं नेशन फर्स्ट की सोच की तहत काम करूंगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा शिक्षा वह है जो मुक्ति दिलाए। स्वामी विवेकानंद कहते थे कि शिक्षा वह है जो मनुष्य को मनुष्य बना दे। भारत में शिक्षा के तीन महत्व बताए है। ज्ञान देना। आजीविका प्राप्त करने के लिए कौशल देना। चरित्रवान व परोपकारी नागरगिक तैयार करना यह शिक्षा का उद्देश्य है। शिक्षा नीति वहीं की वहीं रही। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति बनाकर लागू की। अब सरकारी स्कूलों में आदर्श शिक्षा की व्यवस्था की गई है। यह पीएम का नेतृत्व है कि उन्होंने अमूल्य शिक्षा नीति दी है।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा मोदी कहते हैं कि यही समय है सही समय है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने अवसर खोले हैं। विश्व में कहीं भी जाओगे तो आपकी पहचान व सफलता के द्वार खोलेगा। अपना तिरंगा विश्व स्तर पर ही नहीं चांद पर भी लहराया है। पीएम के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। कल विश्व हम पर निर्भर होगा। 9 साल में पांचवी आर्थिक शक्ति बन चुका है। अगले चार सालों में तीसरे नंबर पर आ जाएगी। लेकिन इससे पहले हमें बहुत कुछ सीखना है। पीएम ने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया है। संघर्ष को अपना करीबी मित्र बनाया है। हमाराप्रयास रहेगा कि हम आपसे सीखते रहेंगे। देश के विकास में योगदान देते रहेंगे।

**किसे कहां से मिला टिकट....**

शुजालपुर- इंदर सिंह परमार
कालापीपल- घनश्याम चंद्रवंसी
बागली- मुरली भंवरा
मंधाता- नारायण पटेल
खंडवा- कंचन मुकेश तन्वे
पंधावा- छाया मोरे
नेपानगर- मंजू दादू
बुरहानपुर- अर्चना चटनीस
बडवाह- सचिन बिडला
खरगोन- बालकृष्ण पाटीदार
भगवानपुरा- चंद्र सिंह वाम्कले
सेंधवा- अंतर सिंह आर्य
जोबट- विशाल रावत
सरदारपुर- वेल सिंह भूरिया
मनावर- शिवराम कन्नोज
धार- नीना विक्रम वर्मा
इंदौर-3 - राकेश गोलू शुक्ला
इंदौर-5- महेन्द्र हार्डिया
महू- ऊषा ठाकुर
महिदपुर- बहादुर सिंह चौहान
उज्जैन उत्तर- अनिल कालूहेडा
बडनगर- जितेन्द्र पंड्या
रतलाम ग्रामीण- मथुरालाल डावर
जावरा- राजेन्द्र पांडेय
अलोट- चिंतामणि मालवीय
गरोठ- चंद्रर सिंह सिसोदिया
मानसा- अनिरूद्ध मारू
नीमच- दिलाप सिंह परिहार

## फिर बढ़ने लगा स्मॉग का खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में ठंड बढ़ने के साथ अब वहां स्मॉग का खतरा बढ़ने वाला है। अगले दो दिन तक सुबह के समय हल्की धुंध नजर आ सकती है। 23 अक्टूबर से दिल्ली-एनसीआर के इलाकों पर एक ताजा सिस्टम का प्रभाव दिखेगा। हवा का रफ्तार कम होने से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ेगा। मौसम विभाग ने कहा है हवा की दिशा बदलने और रफ्तार कम होने के चलते अगले 4-5 दिनों के बीच एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 200 के पार यानी हवा खराब श्रेणी में रह सकती है।

# जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र : भाजपा की राह आसान नहीं

• **नरेन्द्र कुमार मौर्य**

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्र में चुनाव इस बार रोचक होने वाला है. सिहोरा से भाजपा ने संतोष बरकड़े को अपना प्रत्याशी बनाया है. इस जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र की चारों सीटों पर कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशी घोषित हो गए हैं. संतोष बरकड़े वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष हैं. 44 वर्षीय बरकड़े ने एमए हिन्दी साहित्य से किया है. वे विगत 18 वर्षों से भाजपा में सक्रिय हैं. पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है और दो बार की विधायक नंदनी मरावी को टिकट नहीं दिया. कांग्रेस ने एकता ठाकुर को टिकट दिया है. वे एनएसयूआई में सक्रिय रहीं हैं और उनका क्षेत्र में अच्छा सम्पर्क है. दोनों पहली बार विस चुनाव लड रहे हैं. यहाँ से निर्दलीयों के भी चुनाव लड़ने की संभावना है।

2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र की तीन सीटें जीती थीं और कांग्रेस को एक बरगी सीट पर ही संतोष करना पड़ा था. इस बार भाजपा के लिए राह आसान नहीं लग रही है. चारों ही सीटों पर भाजपा को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

पाटन से विधायक अजय विश्नोई पुन: भाजपा प्रत्याशी हैं. उन्हें उनके पुराने प्रतिद्वंद्वी नीलेश अवस्थी ही टक्कर दे रहे हैं. विश्नोई को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त नाराजगी है. भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और सिर्फ अपने लोगों को ही उपकृत करने के उन पर आरोप हैं. भाजपा प्रत्याशी इस बात पर राहत महसूस कर सकते हैं कि कांग्रेस प्रत्याशी का उनकी पार्टी के लोग ही विरोध कर रहे हैं. यहाँ से आप ने विजय मोहन पहला को खड़ा किया है. लोगों का कहना है कि उन्हें अजय विश्नोई ने ही खड़ा किया है. आप उम्मीदवार का क्षेत्र में कोई असर नहीं है।

पनागर में भाजपा विधायक सुशील इंदू तिवारी फिर मैदान में हैं, लेकिन इस बार उन्हें भी अपनी पार्टी के असंतुष्टों का सामना करना पड़ रहा है. कहा जा रहा है कि उन्हें उनकी पार्टी के लोग ही हरा देंगे. यहाँ से कुछ विद्रोही कद्दावर नेता भी निर्दलीय के रूप में मैदान में उतर सकते हैं. उनके मुकाबले कांग्रेस के राजेश पटेल बेहतर स्थिति में नजर आ रहे हैं।

बरगी में कांग्रेस विधायक संजय यादव इस बार फिर प्रत्याशी हैं और उन्हें भाजपा प्रत्याशी नीरज सिंह से कड़ी टक्कर मिल रही है. नीरज सिंह, प्रतिभा सिंह के पुत्र हैं जो यहाँ से दो बार विधायक रह चुकी हैं. नीरज सिंह का टिकट पहले से तय था इसलिए उन्हें क्षेत्र में जनसंपर्क के ज्यादा मौके मिले. उधर कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव की राह में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कांटे बिछा दिए हैं. उसने मांगीलाल मुरावी को टिकट दिया है. वे असरदार नेता हैं और अच्छे खासे वोट हासिल कर सकते हैं।

कुल मिलाकर भाजपा जिन सीटों पर जीती थी, वहाँ बहुत मुश्किल में फंसी है. इन सीटों पर बड़ा उलटफेर भी हो सकता है. उधर कांग्रेस को भी अपनी जीती हुई बरगी सीट को बचाने में पसीने छूट रहे हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।